सुविचार
जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा।

Daily
सच के हक में...
# THE PHOTON NEWS
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 13 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 177 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



पुराना विडियो देख प्रि्रयंका को कर... 08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,393.90 |
| निफ्टी | : | 19,384.30 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,610 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### शिबू सोरेन लोकपाल मामला दिल्ली हाईकोर्ट में 17 अगस्त को अगली सुनवाई

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल की व्यस्तता के कारण सुनवाई टल गयी है। अब अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसे कोर्ट ने 17 अगस्त तक विस्तार दिया है। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। जिसपर दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में सुनवाई हुई।

### टंडवा-आम्रपाली भूमि अधिग्रहण केस : पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 23 बरी

**RANCHI :** टंडवा में आम्रपाली प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान हुए आंदोलन से जुड़े केस में रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया। साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त हो गये। जिन्हें कोर्ट ने बरी किया है, उसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, आशुतोष मिश्रा, बद्री साव, मुकेश यादव, विनोद बिहारी पासवान, लाल किसुन यादव, राजेंद्र साहू, विनोद यादव समेत 24 लोगों का नाम शामिल है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने इस मामले मे फैसला सुनाया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को करेंगी बाबा खाटूश्याम के दर्शन

**SIKAR :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 जुलाई (शुक्रवार) को सीकर के विश्व प्रसिद्ध बाबा खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने आएंगी। बुधवार को खाटू ग्राम में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टरों का ट्रायल किया गया। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए मंगलवार को खाटू ग्राम में केंद्रीय एजेंसियों के दल ने दौरा कर जिला प्रशासन के साथ तैयारियों का जायजा लिया। राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर जारी अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार दोपहर 01 बजे हेलीकाप्टर से वे खाटूग्राम पहुंचेगी।

## बागेश्वर वाले बाबा के कार्यक्रम में भगदड़

### 10 घायल, गर्मी-उमस से कई बेहोश



**AGENCY NEW DELHI :** ग्रेटर नोएडा में बागेश्वर वाले बाबा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में बुधवार को भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मच गई। गर्मी-उमस होने से कई लोग बेहोश हो गए। 10 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के वक्त कार्यक्रम में 5 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे। दिव्य दरबार में अर्जी लगाने की होड़ मची थी। भीड़ बेकाबू हो गई और अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वीआईपी पास से पीछे छोटे से गेट से एंट्री करवाई जा रही थी, वहां पर बिजली के तार होने से एक महिला को करंट लगा है। घायल हुए लोगों में ज्यादातर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हैं। फिलहाल पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया है। पंडाल में अभी भी 1 लाख से ज्यादा लोग कथा सुनने के लिए मौजूद हैं। कार्यक्रम के लिए आयोजकों तीन पंडाल लगाए थे और तीनों भर गए थे। पंडाल के बाहर भी भक्तों की भीड़ लगी रही। बड़ी संख्या में वीवीआईपी पास जारी किए गए थे, लेकिन भीड़ को देखते हुए श्रद्ध एंट्री पहले ही बंद कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे से पहले ही दिव्य दरबार में पांच लाख से अधिक लोग पहुंच चुके थे। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का दिव्य दरबार में आना लगातार जारी रहा। धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक पाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर हालात बेकाबू हो गए। स्थिति को देख पुलिस ने श्रद्धालुओं से दिव्य दरबार के समाप्त होने की बात कही। श्रद्धालुओं से घर जाने का अनुरोध किया। लोगों से कहा गया कि वे घरों से ही प्रवचन सुनें। टीवी पर उनका कार्यक्रम आ रहा है। बाबा के दिव्य दरबार के मुख्य आयोजक शैलेंद्र शर्मा का कहना है, यहां पर किसी भी तरह की कोई भगदड़ नहीं मची है। जो भी वीडियो सामने आए हैं, उनको गलत तरीके से पेश किया गया है। यहां हमारे और प्रशासन के अनुमान से ज्यादा लोग आ गए।

# दिल्ली में यमुना के जलस्तर ने तोड़ा 45 साल का RECORD

### लगातार हो रही बारिश से पूरा शहर पानी-पानी, सड़कें बनीं तालाब

- सीएम केजरीवाल ने की आपात बैठक, शाह को लिखा पत्र
- एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात, खाली कराए गए निचले इलाके



दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंचा ● एजेंसी

**AGENCY NEW DELHI :** दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इधर, दिल्ली में मंडराते बाढ़ के खतरे को देखते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने सचिवालय में आपात बैठक की। बैठक में दिल्ली सरकार के मंत्री, महापौर और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बता दें, दिल्ली में मानसून की दस्तक के बाद लगातार हो रही बारिश से पूरा शहर पानी-पानी हो गया है। की इलाकों में सड़के तालाब बन गई हैं। वहीं, हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रहा है। यमुना नदी का तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने अहम बैठक की। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर पूरी स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन होना है। इसको देखते हुए हथिनीकुंड से सीमित मात्रा में पानी छोड़ा जाना चाहिए, ताकि यमुना का जलस्तर और न बढ़े। दिल्ली में यमुना के बढ़े हुए जलस्तर ने 45 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक यमुना का जलस्तर शाम चार बजे तक 207.71 मीटर पर पहुंच गया है। दिल्ली में निचले इलाकों में बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए दिल्ली सरकार ने इलाका खाली करा दिया है। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से एनडीआरएफ की 12 टीमों को तैनात किया गया है। दिल्ली सरकार ने किसी भी आफत से निपटने की पूरी तैयारी की है। बता दें, यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से नोएडा के कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। यमुना नदी के करीब में नोएडा के जो क्षेत्र है, वहां पानी जमा होने लगा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले यमुना का जल स्तर 1978 में 207.49 मीटर तक पहुंच गया था और अब इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए जलस्तर 207.55 मीटर तक पहुंच गया है। यमुना के जलस्तर को लेकर केजरीवाल ने एक ट्वीट कर कहा कि केंद्रीय जल आयोग ने आज यमुना का जलस्तर 207.72 मीटर तक पहुंचने का अनुमान जताया है। दिल्ली के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि हथिनी कुंड बैराज में असामान्य रूप से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का स्तर बढ़ रहा है।

### बदरीनाथ हाइवे पर भूस्खलन

**GOPESHWAR :** उत्तराखंड के बदरीनाथ हाइवे पर पाताल गंगा में बनी टनल के ऊपरी हिस्से में बुधवार के अपराह्न बाद अचानक पहाड़ी से भूस्खलन शुरू हो गया है। हालांकि पूरा मलबा टनल के ऊपर से नीचे नदी की ओर जा गिरा, जिससे किस प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ और ना ही यहां पर हाइवे बाधित हुआ है, वहीं कंचनगंगा के पास भारी मलबा आने के कारण हाइवे बाधित हो गया है। बुधवार को अचानक अपराह्न बाद यहां पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे। हालांकि उस समय यहां पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो रही थी। पहाड़ी से आया मलबा टनल के ऊपर से गिरते हुए नदी में जा गिरा जिससे हाइवे सुचारु है।

## पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों से मुठभेड़ डिप्टी COMMANDANT को लगी गोली

### एयरलिफ्ट कर रांची लाये गए दीपक तिवारी, मेडिका में भर्ती




डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार तिवारी ने मीडिया को दिखायी विक्ट्री साइन।

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में बुधवार को नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुआ। मुठभेड़ में एक डिप्टी कमांडेंट को गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची ले जाया गया। घायल कमांडेंट का इलाज मेडिका में चल रहा है। घायल कमांडेंट का नाम दीपक कुमार तिवारी बताया जा रहा है। पुलिस कप्तान आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसके आलोक में पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ की विभिन्न टीम संयुक्त अभियान चला रही है। इसी क्रम में 11 जुलाई से एक अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत रेला पराल एवं सीमावर्ती गांव में चलाई जा रही है। अभियान के दौरान 12 जुलाई को गोईलकेरा थानांतर्गत ग्राम रेला पारल के आस-पास जंगली / पहाठी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 3 एलईडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया है। इसमें 10 किलो का 1 एलइडी विस्फोटक, 2.05 किलो का 2 एलईडी विस्फोट था। इसके बाद आगे सर्च करने के क्रम में गोईलकेरा के रेला पराल के समीप पंचलाताबुरू पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सलियों गोली बारी शुरू कर दी। इस दौरन सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड के क्रम कोबरा 209 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार तिवारी जख्मी हो गए।

### लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों के 5 मददगार गिरफ्तार

**SRINAGAR :** बडगाम से सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों के पांच मददगारों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने सहयोगियों के कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने सेना की 62वीं आरआर बटालियन के साथ मिलकर बडगाम जिले के खग इलाके से पांच आतंकियों के मददगारों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान रऊफ अहमद वानी पुत्र अब्दुल मजीद वानी निवासी भटंगन खग, हिलाल अहमद मलिक पुत्र गुलाम हसन मलिक निवासी बथिपोरा खग, तौफीक अहमद डार पुत्र नजीर अहमद डार निवासी नवरोज बाबा खग, दानिश अहमद डार पुत्र मंजूर अहमद डार निवासी डार मोहल्ला नवरूज बाबा खग और शौकत अली डार पुत्र अली मोहम्मद डार निवासी बठिपोरा खग के रूप में हुई है।

## धनबाद में RSS नेता की गोली मारकर हत्या

### कब्रिस्तान में मिला शंकर प्रसाद का शव

**CRIME REPORTER DHANBAD :** झारखंड में आरएसएस नेता की गोली मारकर हत्या, झारखंड में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस), के नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि अज्ञात हमलावरों ने आरएसएस नेता को गोली मारी है। मृतक का नाम शंकर प्रसाद बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, 55 साल के शंकर प्रसाद आरएसएस धनबाद के संपर्क प्रमुख थे। पुलिस ने बताया है कि मंगलवार की रात ईस्ट टुंडी थाना क्षेत्र में आने वाले एक गांव में उन्हें गोली मारी गई है। यह घटना राजधानी रांची से करीब 180 किलोमीटर दूर हुई है। बुधवार को आरएसएस नेता का शव बरामद किया गया है। आरएसएस नेता के शव को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में रखा गया है। शंकर प्रसाद के परिवार में उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। शंकर प्रसाद ईस्ट टुंडी ब्लॉक के औद्यानिकी अफसर थे। उनके नीचे कई सारे कृषि मित्र भी थे। शंकर प्रसाद वनवासी कल्याण केंद्र के भी सदस्य थे। मृतक के परिवार वालों ने पुलिस दिये गये बयान नें बताया कि प्रसाद मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अपनी मोटरसाइकिल से घर से निकले थे। बुधवार की सुबह उनका शव गांव के कब्रिस्तान में मिला है। पुलिस को परिजनों ने बताया है कि ईस्ट पुलिस स्टेशन में हत्या के केस दर्ज किया गया है।

## वीरेंद्र राम केस से जुड़े हरीश यादव गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि मार्च 2023 में ईडी के संयुक्त निदेशक के आवेदन पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज किया गया था। जिसमें वीरेंद्र राम के अलावा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल व अन्य को आरोपी बनाया गया। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज की प्राथमिकी में आरोपितों पर फर्जी केवाइसी पर बैंक खाता खोलकर काले धन की लॉन्ड्रिंग का आरोप है। पूर्व में 22 फरवरी को ईडी की छापेमारी में वीरेंद्र राम के ठिकाने से आपत्तिजनक दस्तावेज व चल-अचल संपत्ति की जानकारी के अलावा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के ठिकाने से नोटबंदी के पूर्व के 9.46 लाख रुपये के पुराने नोट और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए थे।

### विपक्ष की बैठक में शामिल होंगे 24 दल आप ने रख दी शर्त

**NEW DELHI :** 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चुनौती देने के मकसद से जारी विपक्षी एकजुटता की कवायद के तहत बेंगलुरू में 17 और 18 जुलाई को होने वाली विपक्ष की अगली बैठक में 24 पार्टियां भाग लेंगी। विपक्षी दलों की 23 जून को पटना को हुई पिछली बैठक में 15 राजनीतिक दल शामिल हुए थे। उसके मुकाबले इस बार नौ और राजनीतिक दल भी विपक्षी दलों की बैठक का हिस्सा बनेंगे।

## जमशेदपुर हिंसा मामले में फैसला 21 को

### अभय सिंह समेत 14 की जमानत पर HIGH COURT में सुनवाई पूरी

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** वर्ष 2023 के अप्रैल माह में रामनवमी के बाद जमशेदपुर में हुई हिंसा से जुड़े मामले में भाजपा नेता अभय सिंह समेत 14 आरोपियों की जमानत पर सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रखा है। मामले में कोर्ट 21 जुलाई को अपना आदेश सुनायेगा। प्रार्थी की ओर से हाइकोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर की गई है, जिसमें उनकी ओर से कोर्ट से जमानत का आग्रह किया गया है। बता दें कि इस वर्ष रामनवमी के बाद जमशेदपुर में हिंसा भड़क उठी थी। जमशेदपुर के शास्त्रीनगर में एक धार्मिक झंडे के अपमान के बाद दो गुटों के बीच पथराव के बाद जम कर आगजनी की गई।

### मानगो दुष्कर्म मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित




झारखंड में जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में सभी पक्षों की सुनवाई बुधवार पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की। वहीं पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की। दरअसल, पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी।

### नीति आयोग की टीम ने झारखंड में जाना केंद्रीय योजनाओं का हाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संग की बैठक

## समय पर राशि नहीं मिलने से विकास प्रभावित : CM



नीति आयोग की टीम के साथ बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड सरकार के साथ नीति आयोग की टीम ने बैठक कर केंद्रीय योजनाओं का हाल जाना। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि समय पर योजना मद की राशि नहीं मिलने से राज्य का विकास कार्य प्रभावित होता है। जिसका नतीजा यह होता है कि योजना का लाभ ग्राउंड लेवल तक नहीं पहुंच पाता है। इसलिए विकास कार्यों को गति देने के लिए योजना मद में मिलने वाली राशि समय पर मिलनी जरूरी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार से कोयला रॉयल्टी समेत विभिन्न योजना मद में मिलने वाली राज्य की हिस्सेदारी की मांग की है। नीति आयोग की टीम के समक्ष मुख्यमंत्री ने अपनी सारी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि जीएसटी का पैसा भी समय पर नहीं मिल रहा है। जिससे राज्य का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। सीएम ने नीति आयोग की टीम से कहा गया कि संघीय व्यवस्था के तहत केंद्र सरकार को सभी राज्यों को एक नजर से देखना चाहिए। नहीं तो संघीय व्यवस्था खराब होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग विभिन्न राज्यों में जाकर बैठक तो करते हैं। मगर जो सुझाव राज्य सरकार द्वारा दिये जाते हैं। उस पर अमल नहीं किया जाता है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत सभी विभागों के सचिवों के अलावा कई अधिकारी मौजूद थे।

### मोदी सरकार ने 22 राज्यों को दिये 7532 करोड़, महाराष्ट्र के खाते में सबसे अधिक रकम

**NEW DELHI :** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बुधवार को 22 राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के लिए 7,532 करोड़ रुपये जारी किये। इस मद के लिए केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र को सबसे अधिक 1420.80 करोड़ रुपये दिये हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के लिए जो फंड जारी किया है, उसमें गोवा के खाते में सबसे कम रकम गयी है। गोवा को केंद्र की ओर से 4.80 करोड़ रुपये दिये गये हैं। केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के लिए सबसे अधिक फंड जारी किया है।

## टमाटर सस्ता करने में जुटी केंद्र सरकार

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने देशभर में टमाटर की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए प्लान तैयार किया है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन और नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से टमाटर खरीदने और उन क्षेत्रों में वितरित करने के लिए कहा है, जहां टमाटर की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। देश में ज्यादातर जगहों पर टमाटर की कीमतें 100 रुपए के पार पहुंच गई हैं। सरकार ने कहा कि जिन सेंटर्स पर टमाटर का ये ताजा स्टॉक जारी किया जाएगा, उनकी पहचान पिछले एक महीने में रिटेल प्राइस में बढ़त के आधार पर की गई है। इस प्रोसेस में खपत को भी ध्यान में रखा गया है। यानी जहां खपत ज्यादा है वहां इसकी सप्लाई भी ज्यादा की जाएगी। सरकार ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में कंज्यूमर्स के लिए फ्रेश स्टॉक शुक्रवार यानी 14 जुलाई से उपलब्ध कराया जाएगा। यानी वो शुक्रवार से कम दाम पर टमाटर खरीद सकेंगे।

# मोदी मैजिक के सहारे झारखंड की 5 ST सुरक्षित सीटों का बेड़ा पार लगना मुश्किल

## बिना दमदार चेहरे के चुनाव जीतना मुश्किल, रिस्क नहीं लेना चाहेगी BJP

**PHOTON NEWS RANCHI :** 2024 के लोकसभा चुनाव काउंटडाउन शुरू हो चुका है। विपक्षी दल मोदी को हराने के लिए एकजुट हो रहे हैं. जबकि भाजपा लगातार तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही ह। बात अगर झारखंड की करें, तो 2024 में यहां सिर्फ मोदी मैजिक के सहारे भाजपा के बेड़ा पार लगना मुश्किल है, क्योंकि झारखंड के आदिवासी सुरक्षित 5 लोकसभा सीटों पर मोदी मैजिक का असर नहीं दिखता। 2019 में रांची सहित कई लोकसभा सीट तो भाजपा ने मोदी के नाम पर निकाल ली थी, लेकिन एसटी सुरक्षित 5 सीटों पर यह मैजिक का नहीं आया। एसटी सुरक्षित दो सीटें (राजमहल और सिंहभूम) भाजपा हार गई, जबकि दो सीट खूंटी और लोहरदगा में पार्टी लगभग ग्रेस मार्क्स से पास हुई। खूंटी में जीत का मार्जिन 0 फीसदी था, जबकि लोहरदगा में पार्टी सिर्फ 1 प्रतिशत के मार्जिन से जीत पाई। दुमका लोकसभा सीट पर भाजपा 4 फीसदी मार्जिन से जीती थी। 2024 में इन पांचों सीटों को जीतना भाजपा के सामने बड़ी चुनौती है, क्योंकि इन सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के पास दमदार नेता नहीं दिख रहे हैं। सिंहभूम और राजमहल लोकसभा सीट को जीतने के लिए भाजपा ने 2023 शुरू होते ही पसीना बहाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सबसे बड़े रणनीतिकार अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राव साहेब दानवे, केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह समेत भाजपा के कई केंद्रीय नेताओं के अलावा प्रदेश के नेताओं का भी इन दोनों लोकसभा सीटों में दौरा हुआ। पार्टी के कई नेता इन जगहों पर लगातार कैंप कर रहे हैं। भाजपा जोरशोर से तैयारी तो कर रही है, लेकिन इन दोनों सीटों से चुनाव लड़ने के लिए उसके पास कोई बड़ा आदिवासी चेहरा नजर नहीं आ रहा ह। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी रहे लक्ष्मण गिलुआ का निधन हो गया। उधर राजमहल में भाजपा के प्रत्याशी रहे हेमलाल मुर्मू ने भी भाजपा छोड़कर जेएमएम से हाथ मिला लिया। इन दोनों सीटों पर भाजपा की ओर से दावेदार तो कई हैं, लेकिन भाजपा को पता है कि यहां मोदी मैजिक का ज्यादा असर नहीं होगा। इसलिए वो किसी ऐसे चेहरे की तलाश करेगी, जो अपने दम पर यह सीट जीत सके। चाहे वह नेता विपक्षी दल का ही क्यों न हो।




**2019 में दो सीट (राजमहल और सिंहभूम) हार गई थी भाजपा खूंटी में 0%, लोहरदगा में 1% मार्जिन से जीती थी भाजपा दुमका सीट में 4% मार्जिन से जीती थी भाजपा लक्ष्मण गिलुआ के बाद सिंहभूम में भाजपा के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं हेमलाल मुर्मू के जाने के बाद राजमहल में संकट में भाजपा संगठन विस्तार में बाबूलाल खेलेंगे आदिवासी कार्ड। ग्रेस मार्क्स से पास होने वाले सांसद किए जा सकते हैं दरकिनार पांचों एसटी सीटों में प्रत्याशी बदल सकती है भाजपा।**

### 5 सीटों पर 2019 और 2014 के चुनाव में जीत-हार का मार्जिन

| सीट | जीती | हारी | मार्जिन |
|---|---|---|---|
| राजमहल (2019) | झामुमो | भाजपा | 9% |
| राजमहल (2014) | झामुमो | भाजपा | 5% |
| खूंटी (2019) | भाजपा | कांग्रेस | 0% |
| खूंटी (2014) | भाजपा | झापा | 14% |
| लोहरदगा (2019) | भाजपा | कांग्रेस | 1% |
| लोहरदगा (2014) | भाजपा | कांग्रेस | 1% |
| दुमका (2019) | भाजपा | झामुमो | 4% |
| दुमका (2014) | झामुमो | भाजपा | 4% |
| सिंहभूम (2019) | कांग्रेस | भाजपा | 8% |
| सिंहभूम (2014) | भाजपा | कांग्रेस | 11% |

**आदिवासी कार्ड से मुश्किल होगी थोड़ी कम**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंकगणित को समझते हुए भाजपा ने चुनाव से ठीक पहले प्रदेश नेतृत्व की बागडोर बाबूलाल मरांडी को दे दी हैं। बाबूलाल भी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। आदिवासी सीटों को जीतने के लिए उनके पास भी आदिवासी कार्ड खेलने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं हैं। संभावना है कि बाबूलाल मरांडी की नई टीम में अधिकांश पदाधिकारी और आदिवासी बहुल क्षेत्रों के जिलाध्यक्ष जनजातीय कोटे से बनाए जाएंगे। इसके जरिए भाजपा जनता के बीच आदिवासी हितैषी होने का संदेश देने की कोशिश करेगी। आदिवासी सुरक्षित सीट लोहरदगा, खूंटी और दुमका के प्रत्याशी भी बदले जाने की पूरी संभावना हैं।

2019 में खूंटी लोकसभा सीट में से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा लगभग ग्रेस मार्क्स से पास हुए थे। सिर्फ 1445 वोट से उनकी जीत हुई थी। उधर लोहरदगा के प्रत्याशी सुदर्शन भगत सिर्फ एक प्रतिशत मार्जिन से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को हरा पाए थे।

इससे पहले 2014 में भी वे सिर्फ 1 प्रतिशत वोट से जीते थे, जबकि 2009 में सिर्फ 2 फीसदी मार्जिन से चुनाव जीत पाए थे। ऐसे में भाजपा इस बार लोहरदगा में भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी। बात जेएमएम के गढ़ दुमका की करें तो वहां 2019 में भाजपा के सुनील सोरेन ने 4 फीसदी मार्जिन से जेमएमएम के शिबू सोरेन को हराया था, जबकि इससे पहले 2009 में गुरुजी ने सुनील को 4 प्रतिशत मार्जिन से हराया था। इससे पहले 2009 में भी गुरुजी ने सुनील सोरेन को 3 प्रतिशत मार्जिन से हराया था। इसलिए इस बार दुमका में भी बदलाव की उम्मीद नजर आ रही हैं।

---

**BRIEF NEWS**

### धनबाद की छात्रा की मौत के लिए सरकार की तुष्टीकरण की नीति जिम्मेवार : समरी लाल




**RANCHI :** धनबाद के संत जेवियर्स स्कूल की छात्रा के आत्महत्या मामले को लेकर भाजपा ने हेमंत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांके विधायक समरी लाल ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टीकरण की नीति छात्रा की मौत के लिए जिम्मेदार ह। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में दलितों-आदिवासियों पर चौतरफा प्रहार हो रहा ह। यह सरकार दलितों-आदिवासियों के सम्मान की भी रक्षा नहीं कर पा रही है। धनबाद की बेटी का सिर्फ यही कसूर था कि वह भारतीय संस्कृति के प्रतीक बिंदी लगाकर स्कूल गई थी। सिर्फ इतनी सी बात के लिए उसे स्कूल में अपमानित और प्रताड़ित किया गया। छात्रा का बस यही कसूर था कि उसने दलित और हिंदू समाज में जन्म लिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार तुष्टीकरण की नीति के तहत ऐसे शैक्षणिक संस्थाओं को बढ़ावा दे रही है। विधायक ने कहा कि इस सरकार के संरक्षण में राज्य में लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं। सिमडेगा में संजीव प्रधान की हत्या हुई। पलामू में मुसहर परिवार के लोगों को बेघर किया गया। जामताड़ा में दलितों की जमीन पर जबरन कब्जा करवाया गया। उन्होंने कहा कि धनबाद के मामले में सिर्फ एफआईआर कर खानापूर्ति की गई ह। सरकार क्यों नहीं स्कूल का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर रही ह। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे स्कूलों में सिर्फ हिंदू सभ्यता और संस्कृति पर प्रहार नहीं हो रहा है, बल्कि शिक्षा और सेवा के नाम पर धर्म परिवर्तन का भी खेल चल रहा ह। यहां धर्मांतरण की साजिशें हो रही हैं।

### युवा राजद आज को अल्बर्ट एक्का चौक पर करेगा प्रदर्शन



**RANCHI :** युवा राष्ट्रीय जनता दल की महत्वपूर्ण बैठक आज बुधवार को राजकीय अतिथिशाला में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार की गलत नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ गुरुवार 13 जुलाई को अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल, उपाध्यक्ष डॉ अविनाश, शौकत अंसारी, जफीर खान, राजेश यादव, राजकुमार, क्षितिज मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह समेत युवा राजद के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

### गोमिया में स्वास्थ्य सुविधाएं की जा रही बेहतर : विधायक



**BOKARO :** गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ.लंबोदर महतो और विशिष्ट अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में गोमिया विधानसभा के गोमिया, पेटरवार और कसमार के पीएचसी को दुरुस्त किया जा रहा है। अस्पतालों में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की कमी दूर की जा रही ह। साथ ही जरूरतमंद दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज की सुविधा हो, तो लोग निजी अस्पतालों में जाना कम करेंगे। कहा कि सरकारी अस्पताल में सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

---

## जिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन NPP करेगी : मानिक महतो




**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची नेशनल पीपुल्स पार्टी जिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन रांची जिले में करेगी ' आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी गण प्रदेश कार्यालय में जुटे ' प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार ने कहा जनहित एवं मुद्दे पर धरातल पर पार्टी पदाधिकारी तन मन के साथ कार्य कर रहे हैं ' झारखंड सरकार के गलत नियम नीति से आम- जनता कारोबारी ,व्यवसाई, किसान ,जनता ,छात्र परेशान हैं ' नेशनल पीपुल्स पार्टी आगामी विधानसभा एवं लोकसभा के लिए मजबूती के साथ आम जनता के साथ कदमताल मिलाकर काम करेगी । प्रदेश सचिव अनथन लाकड़ा एवं जोसेप लाकड़ा ने कहा पार्टी गुमला ,सिमडेगा ,लोहरदगा ,लातेहार में आदिवासी जन मुद्दों को लेकर प्रखर रूप से आंदोलन करेंगे ' प्रदेश प्रवक्ता सुमन बढ़ा ने कहा जल्द ही पार्टी कार्यकताओं के लिए अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा ' प्रथम चरण में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सफल बनाने पर जोर दिया जा रहा है ' बोकारो -धनबाद से आए हुए कुछ नेतागण ने नेशनल पीपुल्स पार्टी की सदस्यता लिया और कहा कि जन मुद्दों को प्रखर रूप में अब शासन प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा । कार्तिक सोरेन एवं सुरेश प्रमाणिक मे 'सदस्यता लेते हुए पार्टी के तमाम पदाधिकारी को धन्यवाद दिया ' प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रवेश को मोहम्मद अबूजर ,बिगनी कुमारी ,रीता देवी ,तारा देवी ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरती देवी ,सुबल कुमार महतो, गणेश कुमार महतो प्रमुख रुप से बैठक में मौजूद रहे । प्रदेश महासचिव अमर महतो ने सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों को धन्यवाद देते कहा कि आप सभी के सहयोग से पार्टी 24 जिलों में संगठन विस्तार कर रही है ।

### बापू वाटिका में कांग्रेस का एकदिवसीय मौन सत्याग्रह




**RANCHI :** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में झारखंड प्रदेश कांग्रेस का एकदिवसीय मौन सत्याग्रह शुरू हो गया है। जो शाम 5 बजे तक चलेगा। मौन सत्याग्रह में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं। सत्याग्रह शुरू होने से पहले प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को साजिश के तहत फंसाया गया है।

पूरा देश इसको देख रहा ह। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भारतीय जनता पार्टी बौखला गयी है। यह उसी का नतीजा है। सत्याग्रह में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, ममता देवी समेत कई नेता शामिल हैं।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का राजभवन के सामने प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं होने पर जंतर-मंतर पर देंगी धरना

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपनी मांगों को लेकर आज बुधवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं करेगी तो वो दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। बालमुकुंद सिन्हा ने बताया कि 11-12 सितंबर को जंतर मंतर पर राज्यभर की आंगनबाड़ी सेविकाएं प्रदर्शन करेंगी।

**बढ़ती महंगाई के कारण तय मानक के हिसाब से मिल रहे पैसे पड़ रहे कम**

प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खाना पका कर नहीं खिलाया जा रहा है। इतनी महंगाई में भी सरकार तय मानक के हिसाब से सामान खरीदने के पैसे दे रही ह। ऐसे में चावल, दाल, सब्जी और लकड़ी खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्हें पैकेट बंद खाना परोसा जा रहा है। सरकार बताये कि इतनी महंगाई में बच्चों को कैसे खाना पका कर खिलाया जाये।

मौके पर शीला तिर्की, मीना तिर्की, परनी देवी, आशा देवी, सरोजनी देवी, विनिता लिंडा समेत राज्य भर की आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रही।



**आंगनबाड़ी सेविकाओं की यह है मांगें**

- आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्रीय कर्मचारी घोषित किया जाये और श्रमिक का दर्जा दिया जाये।
- आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सेवानिवृत्त होने पर पांच लाख का एक मुश्त आर्थिक लाभ दिया जाये।
- मानदेय की आधी पेंशन लागू की जाये
- आंगनबाड़ी सेविकाओं की ग्रेच्युटी पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाये।
- पोषाहार उधार पर खरीदना बंद किया जाये।
- पोषाहार की राशि पहले की तरह खाता में उपलब्ध करायी जाये।
- सहायिका का बकाया मानदेय और बकाया पोषाहार का भुगतान किया जाये।
- पोषाहार की खरीद के लिए वर्तमान बाजार मूल्य निर्धारित किया जाये।

---

**मुंडा की नसीहतें और विरोधों ने बढ़ाई रघुवर से दूरी**

## नेतृत्व बदलते ही बदलने लगी प्रदेश भाजपा की स्थिति रूठे हुए मानने लगे और बोलने लगे प्रवक्ता

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड की 14 सीटों पर पार्टी का बेड़ा पार लगाने की जिम्मेदारी पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के कंधे पर डाली ह। बाबूलाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही झारखंड भाजपा में तेजी से स्थितियां बदल रही ह। उनके सांगठनिक कौशल और उनके राजनीतिक अनुभव का असर दिखने लगा ह। सबसे पहले उन्होंने कई गुट में बंटे प्रदेश भाजपा को एकजुट करने की कोशिश शुरू की ह। इसके तहत उन्होंने अपने दो पुराने सहयोगियों केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और पूर्व सीएम रघुवर दास के साथ संबंधों को सुधारने की पहल शुरू कर दी ह। जो तस्वीरें सामने आ रही है। उससे बाबूलाल मरांडी की इन दोनों नेताओं के साथ पैदा हुई सालों की दूरियां खत्म होती दिख रही ह। उधर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के साढ़े तीन साल के कार्यकाल में प्रवक्ताओं के बोलने पर लगे अघोषित बैन को भी खत्म कर दिया गया है। भाजपा ऑफिस से अब नियमित रूप से हर मुद्दे पर बयान जारी होने लगे हैं।



**2006 में टूटी राम-लक्ष्मण की जोड़ी**

सबसे पहले 2006 में बाबूलाल और अर्जुन मुंडा के बीच दूरी बढ़ी थी। अर्जुन मुंडा उस वक्त मुख्यमंत्री थे। बाबूलाल मरांडी खुद को संगठन में उपेक्षित महूसस कर रहे थे। उन्होंने भाजपा से विद्रोह कर अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा बना ली। इसके साथ ही भाजपा में जनजातीय राजनीति के दो ध्रुव बन गये। प्रदीप यादव, रविंद्र राय, प्रवीण सिंह और दीपक प्रकाश जैसे नेता बाबूलाल के साथ चले गये। 2009 के विधानसभा चुनाव में झाविमो ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा। इनमें से 11 सीटें झाविमो जीत गयी। झाविमो से लड़ने वाले अधिकांश नेता भाजपा से आये हुए थे।

**जब रघुवर ने बाबूलाल के 6 विधायक तोड़े, तब दोनों में बढ़ी दूरियां**

2014 में बाबूलाल के साथ रघुवर दास की दूरियां बढ़नी शुरू हुई। बाबूलाल ने 2014 के विधानसभा चुनाव में झाविमो से 73 प्रत्याशी उतारे थे। उनमें से 6 ने चुनाव जीता था। चुनाव के बाद रघुवर दास ने झाविमो के 6 विधायकों को तोड़कर भाजपा में शामिल करा लिया। इसके बाद बाबूलाल और रघुवर के बीच 5 साल तक आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। इस बीच बाबूलाल ने राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग मामले में रघुवर दास की ऑडियो सीडी का खुलासा किया। इसके बाद दोनों नेताओं की दूरियां और बढ़ गयी। 2014 में मुख्यमंत्री बनने के बाद रघुवर दास और अर्जुन मुंडा में भी दूरी बढ़ी। अर्जुन मुंडा ने सरकार के कई फैसलों पर विरोध जताया और रघुवर दास को कई बार नसीहतें दी। इससे रघुवर मुंडा से चिढ़ गये थे। यह भी कहा जाता है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में जब सरयू राय का टिकट कटा और वे रघुवर दास के खिलाफ चुनाव लड़े, तब मुंडा गुट ने पर्दे के पीछे से सरयू राय की मदद की थी।

**बाबूलाल ने गिले-शिकवे भूलकर बढ़ाया है दोस्ती का हाथ**

बाबूलाल मरांडी को मालूम है कि संगठन में इन दोनों नेताओं की पकड़ मजबूत है। इन्हें साथ लिये बिना और सभी गुट को एक किये बिना 2024 में भाजपा का बेड़ा पार लगाना आसान नहीं होगा। यही वजह है कि उन्होंने पुराने-गिले शिकवे भुलाकर दोनों नेताओं की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया ह। 6 जुलाई को गुवाहाटी में भाजपा की बैठक के बाद बाबूलाल और रघुवर दास पूरी आत्मीयता से मिले। हंसते हुए एक दूसरे से हाथ मिलाया। इसके बाद 11 जुलाई को बाबूलाल ने दिल्ली में अर्जुन मुंडा से मुलाकात की और गले लगे।

## विधायिका व कार्यपालिका के समन्वय में सहायक साबित होगा प्रशिक्षण शिविर : स्पीकर

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा में बुधवार को विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रशिक्षुओं और विशेषज्ञ अतिथियों को प्रमाणपत्र दिया। कहा कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय बहुत ही जरूरी है, क्योंकि विधायिका कानून बनाती है, लेकिन इसको अमल में कार्यपालिका ही लाती ह। इस प्रशिक्षण से दोनों के बीच और ज्यादा समन्वय स्थापित होगा, क्योंकि कार्यपालिका विधायिका की सहयोगी ह। सदन में मंत्रीगण जो उत्तर देते हैं, उसे अधिकारी ही तैयार करते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण ह। कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है और आगे भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि कम समय में तमाम विषयों का अध्ययन हुआ और व्यस्तता के बीच सभी अधिकारी आये, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।




**इंदुगम ने संसदीय विशेषाधिकार पर चर्चा की**

तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला में लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य, लोकसभा के पूर्व अपर सचिव देवेंद्र सिंह ओसवाल, आईआईपीए के सुरेंद्र लाल त्रिपाठी, पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के चक्षु राय और लोकसभा की उपसचिव मिरांडा इंदुगम के अलावा झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव मिथिलेश मिश्र और मधुकर भारद्वाज ने अपने व्याख्यान दिए। कार्यशाला के अंतिम दिन सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय, चक्षु राय ने विधि निर्माण की प्रक्रिया के पुनर्स्थापन और मिरांडा इंदुगम ने संसदीय विशेषाधिकार पर चर्चा की। मिथिलेश मिश्र ने सदन की समिति की व्यवस्था से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया।

**हर दिन कुछ नया सीखने को होता है : सुनील सिंह**

कार्यशाला के अनुभव को साझा करते हुए उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव सुनील सिंह ने कहा कि मनुष्य के लिए हर दिन कुछ नया सीखने को होता ह। किसी को अगर भ्रम है कि वह सब कुछ जानता है, तो ये गलत ह। इस शिविर में आकर उन्हें कई नयी जानकारियां मिलीं। इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है, जिसके लिए वे आभार प्रकट करते हैं।

**कई जिज्ञासाएं शांत हुई : विजय कुमार भगत**

स्वास्थ्य विभाग के उपसचिव ध्रुव प्रसाद ने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। कई वक्ताओं ने अंग्रेजी में अपने व्याख्यान दिये। अगर वे हिंदी में देते, तो ज्यादा उपयोगी होता। ग्रामीण कार्य विभाग के उप सचिव विजय कुमार भगत ने कहा कि 3 दिनों का यह प्रशिक्षण शिविर काफी प्रेरक रहा। इससे विधि निर्माण की प्रक्रिया में सरलता आएगी। यहां आकर कई जिज्ञासाएं शांत हुईं।

# धुर्वा थाने के बैरक में SHORT CIRCUIT से लगी आग, बाल-बाल बचे दर्जनों पुलिसकर्मी

## मची अफरा-तफरी, वर्दी जूते समेत कई अन्य कागजात जलकर हुए खाक

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के धुर्वा थाना के पीछे बैरक में बुधवार की सुबह भयंकर आग लगी। जिससे बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मी जलने से बचें। बैरक में मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरफ से भाग कर अपनी जान बचाया। जबकि बैरक में पुलिसकर्मियों के वर्दी जूते सहित अन्य कागजात जलकर खाक हो गए। बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों ने बताया कि बुधवार की सुबह 7:00 बजे के लगभग बैरक में बिजली के तार से स्पार्क होने के बाद आग पकड़ लिया। जो धीरे-धीरे भयंकर रूप से पूरे बैरक में फैल गया। बैरक में थाने के वाहनों के लिए आवंटित डीजल, पेट्रोल एवं मोबील भी बैरक में ही रखा हुआ था। मोबिल के जार में आग पकड़ने से आग की लपटें तेज हो गई और पूरे बैरक में आग फैलने लगी। सुबह का समय था कुछ पुलिसकर्मी सोए हुए थे कुछ जगे हुए थे। आग फैलने से सभी दौड़ कर बाहर निकले और हल्ला किए आसपास के लोगों एवं थाने में उपस्थित पुलिसकर्मियों के द्वारा बालू एवं पानी से आग बुझाने का प्रयास किया जाने लगा। साथ ही धुर्वा थाने के समीप धुर्वा फायर बिग्रेड को भी आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची और आग को बुझाया। आग लगी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे धुर्वा थाना के इंस्पेक्टर विमल नंदन सिन्हा ने बताया कि थाना भवन बनाने के लिए कागजी कार्रवाई हो चुकी है। लेकिन अब तक भवन निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।



धुर्वा थाना के पीछे बैरक में जलती आग ● फोटोन न्यूज

### बक्से में रखे जरूरी कागजात भी जले

धुर्वा थाने के पीछे स्थित बैरक में थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मी रहते हैं। बैरक में आग लगने से पुलिसकर्मियों के वर्दी जूते एवं बक्से में रखे जरूरी कागजात भी जलकर खाक हो गए पुलिसकर्मी ने बताया कि 6 वर्दी 4 जोड़ी जूते एवं बैंक एवं ड्यूटी से संबंधित एवं वाहन से संबंधित कागजात आग लगने से जल गए। राजधानी के सभी शहरी एवं ग्रामीण थाने यहां तक कि ओपी की भी मरम्मत एवं नए भवन का निर्माण हो गया है। लेकिन एचईसी की स्थापना काल के समय से धुर्वा थाना एचईसी के भवन में चल रहा है जो आज तक लगभग 50 वर्ष से भी ज्यादा समय से उसी भवन में चल रहा है । जो जर्जर स्थिति में है उससे भी भयावह स्थिति थाने के पीछे बैरक में है। जहां पुलिसकर्मी दिन रात ड्यूटी करने के बाद आराम करते हैं। वहां ना पानी की सुविधा है, ना ही बिजली की सुविधा है, यहां तक कि शौचालय भी कामचलाऊ है। जिसे 2 दिन के बाद सफाई करवाना पड़ता है । स्थानीय पार्षद के द्वारा शौचालय की सफाई एवं अगल-बगल के लोगों के कनेक्शन से पानी की व्यवस्था की जाती है। बिजली की व्यवस्था नहीं रहने के कारण तार के द्वारा एक रूम से दूसरे रूम किसी तरह तार खींचकर बल्ब जलाया जाता है एवं काम चलाऊबोर्ड लगाकर अन्य कार्य किया जाता है।

# अवैध खनन केस : बचाव पक्ष के वकील ने पूछे सवाल

**CRIME REPORTER RANCHI :** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की विशेष कोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह विनोद जायसवाल से बचाव पक्ष यानी पंकज मिश्रा और अन्य आरोपियों के वकील ने सवाल किए, जिनका विनोद जायसवाल ने कोर्ट के समक्ष जवाब दिया। विनोद जायसवाल साहेबगंज जिले के खनन व्यवसाई है। बचाव पक्ष के वकील ने ईडी के गवाह से पूछा कि उनका क्रशर और माइंस कहां है, जिसपर विनोद जायसवाल ने बताया कि मेरे नाम से माइनिंग लीज थी जो सात वर्षों के लिए मिली थी। इसके बाद ईडी के गवाह से पूछा गया कि क्या आपके खिलाफ अवैध माइनिंग करने के लिए जुमार्ना लगाया गया था। इसपर विनोद जायसवाल ने इनकार करते हुए कहा कि उसपर कोई जुमार्ना नहीं लगा है। कहा कि जब मैंने खनन पट्टा के लिए आवेदन दिया था, उस वक्त रघुवर दास की सरकार थी। लेकिन मुझे खनन पट्टा नहीं मिला। गवाही के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार और पंकज मिश्रा की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद रहे।

### अफसर अली की बेल पर 19 को होगी सुनवाई

सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर ईडी की विशेष अदालत में 19 जुलाई को सुनवाई होगी। आरोपी अफसर अली की ओर से अधिवक्ता शम्भू अग्रवाल और अक्षय शर्मा पक्ष रखेंगे जबकि ईडी की तरफ से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार बहस करेंगे। इससे पूर्व अफसर अली ने 11 जुलाई को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दायर की थी।

## BRIEF NEWS

### युवक ने की खुदकुशी सुसाइड नोट बरामद

**RANCHI :** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपतनगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मृत युवक की शिनाख्त सपन कुमार राउत (31) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें बच्ची की बीमारी का जिक्र है। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने कमरे में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली है। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें मृतक की बच्ची के बीमारी के बारे में जिक्र है। उसकी बच्ची बोल नहीं सकती थी। उसका इलाज करवा रहे थे लेकिन वह ठीक नहीं हो रही थी। इसी को लेकर राउत ने खुदकुशी कर ली। वह टेक्निशियन का कार्य करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

### रांची में मिला अधजला शव, हत्या की आशंका

**RANCHI :** सिल्ली थाना पुलिस ने बुधवार को बूढ़ाआम स्थित डोभा से एक व्यक्ति का अधजला शव बरामद किया। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से डोभा में फेंक दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे सीबीआई के डायरेक्टर

**RANCHI :** सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद बुधवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीबीआई के अधिकारी उन्हें लेकर रवाना हो गए। सीबीआई के डायरेक्टर बनने के बाद प्रवीण सूद का यह पहला झारखंड दौरा है। बताया गया है कि प्रवीण सूद रांची स्थित सीबीआई की आर्थिक शाखा, एंटी करप्शन ब्यूरो और चिटफंड की शाखा की समीक्षा करेंगे। साथ ही दर्द के शो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेंगे।

### चार साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक कांडों की होगी समीक्षा

**RANCHI :** झारखंड में चार साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक कांडों की समीक्षा होगी। राज्य के सभी जिले के एसएसपी, एसपी, जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी 13 जुलाई को एडीजी अभियान के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान अभियोजन स्वीकृति के साथ ही लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की जायेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से पेंडिंग केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, उपाध्यक्ष आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है। सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य हैं।

### आईपीएस वाईएस रमेश को मिला जैप 2 का अतिरिक्त प्रभार

**RANCHI :** जैप 1 के कमांडेंट वाईएस रमेश को अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 टाटीसिलवे का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसको लेकर जैप डीआईजी सुनील भास्कर द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जैप 2 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा के डीआईजी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद से जैप 2 कमांडेंट का पद रिक्त हो गया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# RANCHI VIOLENCE : HC ने प्रार्थी से पूछा- NIA को मामले की जांच क्यों दी जाए

## एनआईए ने कोर्ट को बताया- हिंसा का मामला आतंकवादी गतिविधि से संबंधित नहीं





**SPECIAL REPORTER RANCHI :** 10 जून 2022 को रांची में हुई हिंसा मामले पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट से कहा गया कि यह मामला एनआईए गतिविधियों से जुड़ा है इसलिए इसकी जांच एनआईए को दे देनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी से पूछा कि वह बताएं कि क्यों इस मामले को एनआईए को दिया जाए, क्या इस हिंसा की घटना में आतंकवादी गतिविधि दिखती है। वहीं राज्य सरकार एवं एनआईए की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आतंकवादी गतिविधि वाले मामले में ही एनआईए का रोल होता है। एनआईए एक्ट के तहत शेड्यूल ऑफिंस में अगर केस बनता है तभी एनआईए इस केस को हाथों में ले सकती है। कोट को बताया गया कि एनआईए ने भी अपने शपथ पत्र में कहा है कि यह मामला एनआईए जांच वाला नहीं है। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी के एनआईए जांच से संबंधित हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी की ओर से मुख्तार खान ने कोर्ट को बताया कि उस घटना में पुलिस द्वारा भीड़ पर गोली चलाई गई थी जिससे दो लोगों की मृत्यु हो गई थी और करीब 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इन दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन होना चाहिए था। पुलिस इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती, इसलिए स्वतंत्र एजेंसी से इसकी जांच कराई जानी चाहिए।उनकी ओर से यह भी कहा गया यह मामला एनआईए जांच से जुड़ा हुआ नहीं है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 2 अगस्त को होगी।

### देवघर एयरपोर्ट सांसद-डीसी विवाद में 24 को होगी सुनवाई

**RANCHI :** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले में प्रार्थी के अधिवक्ता ने इंस्ट्रक्शन लेने के लिए समय की मांग की। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

# इंटर स्टेट बस परमिट नहीं देने के मामले में परिवहन सचिव हाईकोर्ट में सशरीर हुए हाजिर

**RANCHI :** परिवहन विभाग द्वारा इंटर स्टेट बस की परमिट 1 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लंबित रखने के एक मामले में बुधवार को राज्य के परिवहन सचिव हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को आश्वस्त किया कि इंटर स्टेट बसों के लंबित परमिट के मामले को सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कोर्ट से कहा कि जिन लोगों ने पूर्व में इंटर स्टेट बसों के परमिट के लिए आवेदन दिया है उस पर जल्द समुचित निर्णय ले लेंगे। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 8 अगस्त निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में बीते मंगलवार को सुनवाई के दौरान परिवहन सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में परिवहन सचिव बुधवार को कोर्ट में उपस्थित हुए थे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पैरवी की। दरअसल, परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2022 में इंटर स्टेट बस परमिट एलॉट करने के लिए जनरल नोटिफिकेशन निकाला गया था। इसमें बसों के लिए नया परमिट देने एवं रिनुअल करने का भी प्रावधान था। प्रार्थी की ओर से इंटरस्टेट बस की परमिट एलॉट करने को लेकर वर्ष 2022 में ट्रांसपोर्ट सचिव के पास आवेदन दिया गया था, लेकिन उनके आवेदन को लंबित रखा गया। जिसके बाद प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने पूर्व में मामले की सुनवाई के दौरान परिवहन सचिव को प्रार्थी के आवेदन पर 3 सप्ताह में निर्णय लेने को कहा था। इसी दौरान परिवहन सचिव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अब इंटरस्टेट बस परमिट अलॉटमेंट को लेकर फ्रेश नोटिफिकेशन निकाला जाएगा।

# कोर्ट ने सरकार से पूछा, राज्य में लैंड सर्वे का काम कब होगा पूरा

**RANCHI :** झारखंड में लैंड सर्वे पूरा करने को लेकर दाखिल गोकुल चंद की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को 2 सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का अंतिम मौका दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि झारखंड में लैंड सर्वे का काम कब तक पूरा होगा? अभी लैंड सर्वे का काम कहां तक पहुंचा है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट ने सरकार से मांगी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सबसे पहले 1932 में लैंड का सर्वे हुआ था। इसके बाद झारखंड में 1980 से लैंड सर्वे की प्रक्रिया शुरू हुई थी। धनबाद में लैंड सर्वे का काम पूरा हुआ है, लेकिन से प्रकाशित नहीं किया गया। इसलिए राज्य के सभी जिले में जल्द से जल्द लैंड सर्वे कराया जाए ताकि लैंड का मैनुपुलेशन ना हो। प्रार्थी का कहना था कि झारखंड में लैंड सर्वे होने से लैंड का रिकॉर्ड बनेगा। भू-माफियाओं द्वारा सरकारी और वन भूमि की जमीन की गलत ढंग से खरीद बिक्री पर रोक लगेगी।

# ARMY LAND SCAM CASE
## ED ने HC में दाखिल किया जवाब

**RANCHI :** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया। प्रार्थी ने ईडी के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 17 निर्धारित की। सुनवाई के दौरान छवि रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए ईडी द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाना गलत है। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। मामले को लेकर बरियातू थाना में कांड संख्या 14/2022 दर्ज किया गया है। ईडी ने भी इस मामले में ईसीआईआर 1/2023 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**RANCHI :** 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की।दरअसल, कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/2023 दर्ज किया गया था।

# पुलिसकर्मियों के गवाही नहीं देने पर HC नाराज

**RANCHI** झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी के अड़की थाना में दर्ज एक मामले में पुलिसकर्मियों की गवाही नहीं होने से ट्रायल में देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को सुलेमान सैंडी पूर्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए खूंटी एसपी और मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) को गुरुवार को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता रितेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ 16 सितंबर 2021 को अदालत में चार्ज फ्रेम हो चुका है। इसके बाद 6 मई 2022 को मामले में दो पुलिसकर्मियों की गवाही हुई थी। इस मामले में कुल 13 गवाह पुलिसकर्मी है जिसमें से केवल दो पुलिसकर्मियों की गवाही हुई है, यह अभियोजन पक्ष की लापरवाही को दशार्ता है। इस कारण न तो मामले में ट्राइल पूरा हो सका है और ना ही आरोपी को बेल मिल पाया है।

### समय पर नहीं आते हैं ड्यूटी, प्रभारी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने मांगा स्पष्टीकरण

# RIMS के सीनियर डॉक्टर कर रहे मनमानी

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स के सीनियर डॉक्टर समय पर ड्यूटी नहीं आते हैं। इससे मरीजों को ओपीडी में जूनियर डॉक्टरों से ही परामर्श लेना पड़ता है। ताजा मामला सामने आया, जब प्रभारी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ओपीडी का औचक निरीक्षण करने सुबह नौ बजे निकले। रेडियोलॉजी में सिर्फ एक सीनियर डॉक्टर ही मिले, जबकि अन्य सीनियर डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। वहीं, न्यूरोलॉजी विभाग के ओपीडी में कोई भी डॉक्टर नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान अन्य कई विभागों के ओपीडी में भी उपस्थिति कम मिली। निदेशक ने इसे गंभीरता से लेते हुए विभागाध्यक्षों के माध्यम से सभी अनुपस्थित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, चेतावनी भी दी गयी है कि अगर यही हाल रहा तो अगली बार नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के समय अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ और उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी भी मौजूद थे।





**समय पर नहीं खुला था एआरटी सेंटर**

निरीक्षण के दौरान एचआइवी के इलाज के लिए रिम्स में बनाये गये एआरटी सेंटर पर भी बंद मिला। एचआइवी की जांच और दवा के लिए दर्जनों मरीज सेंटर के बाहर इंतजार करते हुए मिले। निदेशक डॉ राजीव गुप्ता से मरीजों ने मौखिक शिकायत भी की। इसके बाद एआरटी सेंटर के प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश जारी किया गया।

**रिएजेंट खत्म, मरीजों को नहीं मिल सका ब्लड**

रिम्स में ब्लड टेस्ट करने के काम आने वाली रिएजेंट खत्म होने के चलते बड़ी संख्या में मरीजों को खून नहीं मिल सका। ब्लड बैंक कर्मियों द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को बाद में आने को कह चलता कर दिया। सबसे ज्यादा परेशानी अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को हुई। ओटी में सर्जरी के दौरान परिजनों को ब्लड बैंक जाकर लाने को कहा गया, लेकिन वह बाहर ही इंतजार करते देखे गये। इसके बाद भी जब परेशानी बनी रही तो कुछ देर के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच ब्लड बैंक के काउंटर को भी तोड़ दिया गया। मरीजों के परिजनों और ब्लड बैंक कर्मियों के बीच काफी देर तक नोक-झोंक हुई। हंगामे की वजह से ब्लड लेने के सैंकड़ों आवेदन पड़े रहे।

# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को ईडी ने भेजा समन

### 17 को पूछताछ के लिए बुलाया

**RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाले की लगातार जांच कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जमीन घोटाले मामले में व्यवसायी और न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल को समन भेजकर 17 जुलाई को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। उल्लेखनीय कि रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन को अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ करेगी। ईडी ने बीते 22 जून को विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की थी। ईडी ने उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन और प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फजीर्वाड़ा करने में सहयोग करने के बारे में भी जानकारी ली थी।

# टैगोर हिल शिवलिंग विवाद : दोनों पक्षों के बीच थाने में हुआ समझौता

**RANCHI :** बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल के पास एक जमीन पर कथित रूप से शिवलिंग मिलने की खबर है। इसे लेकर दो पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया था। एक पक्ष का कहना है कि वहां भव्य मंदिर बनाएंगे। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है, आदिवासियों की जमीन कब्जा करने का खेल चल रहा है। इस दौरान किसी प्रकार की व्यवस्था भंग ना हो, इसे लेकर दोनों पक्ष के लोगों को बरियातू थाना बुलाया गया और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समझौता कराया गया। इस मामले में सदर डीएसपी ने कहा कि टैगोर हिल के पास रहने वाले सरना धर्म को मानने वाले और हिंदू धर्म के मानने वाले लोग रहते हैं। एक पक्ष के लोगों का कहना है कि टैगोर हिल के पास एक जमीन पर तथाकथित रूप से शिवलिंग



मिला है, जिसके बाद पूजा पाठ शुरू हो गया था। इस मामले में सरना धर्म के लोगों का कहना था, कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं दी गई थी। जिसके बाद शिवलिंग को विधिवत रूप से आपसी सहमति से विसर्जित कर दिया गया। इस बात को लेकर दोनों समुदाय के बीच थोड़ी सी खटास आई थी। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोगों को थाना बुलाया गया, इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने यह सहमति दी कि हम लोग शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे और किसी भी प्रकार से विधि व्यवस्था को भंग नहीं करेंगे।

BRIEF NEWS

## 125 बच्चों ने दिया खेलो इंडिया सेंटर के लिए ट्रायल



**RAMGARH:** खेलो इंडिया के तहत झारखंड राज्य के सभी जिलो में खेलो इंडिया सेन्टर की शुरूआत किया जा रहा है। जिसके तहत सिधो-कान्हो स्टेडियम को फुटबॉल सेन्टर हेतु चयनित किया गया है। उक्त के तहत बुधवार को खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल की शुरूआत की गई। ट्रायल के दौरान पहले दिन जिले के सभी प्रखंडों के 10-14 वर्ष के 99 बालक एवं 26 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। ट्रायल के दौरान जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती रूप रानी तिर्की ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए हमेशा इसी तरह खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं खेलते रहने की बात कही।

## अत्यधिक दवाई के सेवन से 17 वर्षीय बच्ची की हुई मौत, जांच में जुटी पतरातु पुलिस



**BHURKUNDA:** पतरातु थाना अंतर्गत मेन रोड बैंक ऑफ इंडिया के समीप निवासी विमलेंदु कुमार तिवारी सह होम्योपैथिक चिकित्सक की 17 वर्षीय पुत्री सोनू शुभम द्वारा मंगलवार की रात्रि अत्यधिक दवा का सेवन कर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सोनू केंद्रीय विद्यालय पतरातू की 12वीं साइंस की छात्रा थी। सोनू ने अपने माता-पिता से मोबाइल फोन दिलाने की बात कही थी। मोबाइल फोन दिलाने में माता-पिता ने असमर्थता जाहिर की जिससे नाराज होकर वह अपने कमरे में चली गई और दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद सोनू के परिजनों ने उसे किसी बातों को लेकर आवाज दिया तो जवाब नहीं मिलने पर परिजनों ने दरवाजा जोर-जोर से खटखटाया। इसके बाद परिजनों ने अगल-बगल के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा तो देखा सोनू अपने बिस्तर पर बेसुध अवस्था में पड़ी है। परिजनों ने आनन-फानन में सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पतरातू पुलिस को दी गई। मौके पर पतरातू पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले पर थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने कहा कि हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का चल पाएगा। इधर पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर चलेगा विशेष अभियान

**RAMGARH:** रामगढ़ जिले के आम नागरिकों को उनके परिवार में हुए जन्म-मृत्यु की घटना के निबंधन हेतु झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**जन्म–मृत्यु निबंधन संबंधित आवश्यक सूचना**

1. अपने परिवार में हुए जन्म/मृत्यु की सूचना 21 दिनों के अंदर संबंधित रजिस्टार को देकर निबंधन कराएं एवं निःशुल्क प्रमाण पत्र पाएं। विलंब शुल्क 1 रुपये मात्र देकर विलंब निबंधन करने का भी प्रावधान है।
2. लड़का हो या लड़की, जन्म पंजीकरण हर बच्चे का अधिकार है।
3. जन्म प्रमाण-पत्र हर जगह उपयोगी है- स्कूल में, सरकारी दफ्तर में, पासपोर्ट बनवाने में, नागरिकता प्रमाण पत्र बनवाने में, अपनी पहचान आदि।
4. जन्म/मृत्यु चाहे घर में हो या अस्पताल में, प्रमाण पत्र आवश्यक है।
5. जन्म/मृत्यु जिस गांव/शहर में हुआ हो, प्रमाण पत्र वहीं से लें।

# राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : आदिवासी महासभा

## RSS के कार्यालय से राष्ट्रपति को नियंत्रण करना बंद करे भाजपा

**PHOTON NEWS RAMGARH:**

**प्रधानमंत्री का पुतला दहन 20 जुलाई को।**

**आदिवासियों के के ऊपर पेशाब कर अपमानित कर रही है, भाजपा : महेंद्र पाठक।**

**राष्ट्रपति का अपमान देश का अपमान : आजाद।**




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में आदिवासी महासभा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक महादेव मांझी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाकपा राज्य सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव ने कहा कि देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लगातार देश में अपमानित किया जा रहा है। कई मंदिरों में अपमानित किया गया , झारखंड के देवघर में भी गर्भगृह में पूजा अर्चना नहीं करने दिया गया ।? राष्ट्रपति अपने जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली के मंदिरों में पूजा अर्चना करने गए उन्हें भी गर्भगृह से बाहर रखा गया । अभी नागपुर में राष्ट्रपति के आगमन पर मुख्यमंत्री के द्वारा अगुवाई नहीं कर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया । नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री ने उन्हें आमंत्रित नहीं किया बल्कि भारतीय जनता पार्टी एवं आर एस एस के इशारे पर किसी से मिलना जुलना प्रेस कॉन्फ्रेंस करना सारे कार्य प्रधानमंत्री कार्यालय से संचालित किए जा रहे हैं । पूर्व में भी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी कई जगह पर अपमानित किया गया । मंदिरों में प्रवेश वर्जित किया गया। उसी के तर्ज पर देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपमानित किया जा रहा है। राष्ट्रपति का अपमान देश के आवाम का अपमान है। देश की जनता की अपमान है । जब राष्ट्रपति की चुनाव हो रहा था उस समय गोदी मीडिया बड़ी जोर-शोर से प्रचारित किया कि देश में पहली बार राष्ट्रपति आदिवासी महिला बन रही है। वोट बैंक की राजनीति के लिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया, लेकिन जो सम्मान एवं आजादी राष्ट्रपति को मिलना चाहिए आज आर एस एस के दफ्तर से उन्हें अपमानित एवं संचालित किया जा रहा है। जीला सचिव अबीनास बेदिया ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान के विरोध में 20 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री की पुतला जलाकर आर एस एस और भाजपाइयों के विरोध करें ।
आजाद सिंह ने कहा कि रामगढ़ के राजनीतिक कार्यकताओं एवं आम आवाम से अपील किया देशमें पहली बार एक महिला राष्ट्रपति बनी है। संविधान की रक्षा के लिए महामहिम राष्ट्रपति के अपमान के विरोध में सड़कों पर उतरे। देश की सम्मान की रक्षा करें । बैठक में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, प्रखंड सचिव खुर्शीद अहमद कुरेशी उर्फ आजाद सिंह, महादेव मांझी ,राजेंद्र कुमार , खिली चरन मांझी ,द्वारिका प्रजापति ,कालिदास महतो ,कैलाश बेदिया ,चिंतामणि देवी सहित कई लोग मौजूद थे ।

## 16 को विभिन्न दलों को छोड़कर लोग आजसू पार्टी में होंगे शामिल



बैठक में शामिल आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** हजारीबाग के पैराडाइज रिजॉर्ट में आगामी 16 जुलाई को आजसू पार्टी का भव्य मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिसमें पुरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सैंकड़ों लोग विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बुधवार को बैठक आयोजित कर पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चैधरी ने बताया कि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चैधरी, विधायक लंबोदर महतो, विधायक सुनीता चैधरी सहित कई केंद्रीय नेता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में विभिन्न दलों के लोग आजसू पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण करेंगे। उक्त कार्यक्रम में पतरातू प्रखंड सहित पूरे बड़कागांव विधानसभा से भी कई लोग पार्टी का दामन थामेंगे। कार्यक्रम की सफलता को ले क्षेत्र के कार्यकर्ताओ की भागीदारी भी तय करने की निर्देश दिया गया है। श्री चैधरी ने कहा की उक्त कार्यक्रम कई मायनों में मिल का पत्थर साबित होगा। आजसू का जनाधार बढ़ रहा है। लोगों में पार्टी के पार्टी विश्वास भी काफी बढी है। बैठक में आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहू, केंदीय सचिव गुड्डू यादव, आदिवासी महासभा के जिला उपाध्यक्ष मनोज करमाली, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा आदि मौजूद थें।

## रीवर साईड भुरकुंडा की लाडली कोमल सिंह बनी मिसेज झारखंड, क्षेत्रवासियों में हर्ष, बधाइयों का लगा तांता




**PHOTON NEWS RAMGARH:** शैगलम फैशन की ओर से रांची के चिरौनदी में आयोजित झारखंड नेक्स्ट टॉप मॉडल 2023 में भुरकुंडा की बेटी कोमल सिंह को मिसेज झारखंड का खिताब मिला। बीटीटीआई रिभर साईड भुरकुंडा निवासी कौशल किशोर सिंह व किरण सिंह की पुत्री एवं गौतम सिंह की पत्नी कोमल सिंह को को मिसेज झारखंड के खिताब से नवाजे जाने के बाद भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है। साथ ही बधाईयों का तांता लगा हुआ है। कांटेस्ट में कोमल सिंह ने विजेता बनी है। जबकि निहारिका को प्रथम रनर अप और पियाली को सेकेंड रनर अप का खिताब मिला है। इधर गौतम सिंह अपनी पत्नी कोमल सिंह के इस उपलब्धि से बहुत रोमांचित हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि शादी के बाद लगभग लड़कियों को अपनी इच्छाएं मारनी पड़ती है, लेकिन पति गौतम सिंह ने न सिर्फ उन्हें इजाजत दी, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित कर जीत के मुकाम तक पहुंचाया। कोमल सिंह जुबिली कॉलेज से स्नातक, विभावि से एमए और बीएड कर रही है। स्नातक में यूनिवर्सिटी की सेकंड टॉपर रही है। जबकि खो-खो गेम में स्टेट लेवल पर खेल चुकी है। फैशन डिजाइनर मनीष पाण्डेय द्वारा तैयार किए गए इंडो वेस्ट्रान ड्रेस के साथ रैंप पर प्रर्दशन हुआ। इसके बाद इंट्रोडक्शन राउंड हुआ। प्रश्नोतरी राउंड के बाद आखिर में 45 में से 18 लड़कियां आगे के राउंड के लिए चयनित हुईं। सभी राउंडों के बेहतर तरीके से पार करते हुए कोमल सिंह ने मिसेज झारखंड का खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का गौरवान्वित किया है। प्रोग्राम के आयोजक अभिषेक सिंह ने कहा की झारखंड की छिपी हुई प्रतिभाओं को तलाश कर उन्हें एक मुकाम देना उनका मकसद है। ताकि ये प्रतिभाएं आगे जाकर झारखंड का नाम रौशन कर सके। प्रतियोगिता में शामिल 45 लड़कियों को चार राऊंड से गुजरना पड़ा। कांटेस्ट में मिस फेमिना इंडिया झारखंड रिया तिर्की और 2019 के मिस्टर इंडिया शमी सिंह राजपूत ज्यूरी की भूमिका में थे।

## सरना स्थल में युवा समाज एवं सरहुल मिलन पूजा समिति की हुई बैठक

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** रिवर साइड भुरकुंडा स्तिथ बुध बाजार सरना स्थल में बुधवार को युवा समाज पतरातु एवं सरलहुल मिलन पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद दर्शन गंझू और संचालन दीपक मुंडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 9 अगस्त को देवरिया फुटबॉल मैदान में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को ले आगामी 15 जुलाई को देवरिया पंचायत भवन में पुनः समिति की बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में पतरातू प्रखंड के तमाम गांव से आदिवासी समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की गई। मौके पर श्यामसुंदर करमाली, राजा, मुन्ना, रवि उरांव, रितिका भोक्ता, तारिणी देवी, महेंद्र मुंडा, कजरू गंजू, रोहित बेदिया, उमेश करमाली, सीताराम बेदिया, पूर्व मुखिया राजेंद्र मुंडा, विक्की बेदिया, राजन करमाली, राजेश बेदिया, गुलाब करमाली, शशि करमाली, संजय गंजू, अरविंद करमाली सहित कई लोग मौजूद थें।



बैठक में उपस्थित लोग • फोटोन न्यूज

## 28 वर्षों के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराए जा रहे हैं बर्तन

**PHOTON NEWS RAMGARH:** बच्चों व महिलाओं के विकास एवं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में 28 वर्षों के बाद डीएमएफटी के तहत विभिन्न बर्तन उपलब्ध कराए जा रहे है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की आवश्यकता को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के संज्ञान में लाया।
इसके उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा लिया गया। इसके तहत आगे की कार्रवाई पूरी कर बच्चों व महिलाओं को इससे लाभान्वित करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पतरातू, मांडू, चितरपुर व गोला प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराए गए। वहीं उपायुक्त के निर्देश पर तीव्र गति से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।



## झारखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड ने विद्युत संबंधी कार्यो को ले भुरकुंडा में लगाया शिविर

### कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट हुआ समाधान, 50 उपभोक्ता हुए लाभान्वित

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में झारखंड विद्युत उर्जा निगम लिमिटेड (जेभीयूएनएल) द्वारा बुधवार को विद्युत कार्यालय प्रांगण में विद्युत संबंधी कार्यो को ले शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन विद्युत विभाग के एसडीओ पुरण कुमार दास, जेईई रोहिताश कुमार, बिरेंद्र उरांव एवं चैम्बर के बिनय कुमार सिंह व दिलीप अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कैम्प की सफलता को ले चैम्बर के पूर्व सह सचिव बिनय कुमार सिंह ने चैम्बर के वर्तमान टीम के साथ-साथ स्थानीय बड़कागांव विधायक एवं जेभीयूएनएल के अधिकारी व कर्मचारियों के प्रति आभारत व्यक्त करते हुए कहा कि उपरोक्त लोगो के प्रयास से ही कोयलांचल के उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। शिविर में बिजली कनेक्शन, बिजली बिल संसोधन एवं मीटर रिप्लेसमेंट जैसे कार्य विभाग द्वारा ऑन द स्पॉट किया गया। वहीं कई समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की बात विद्युत विभाग द्वारा कही गई।
शिविर में लगभग 50 लोग लाभान्वित हुए। मौके पर विद्युत विभाग के एसडीओ पुरण कुमार दास ने कहा कि अभी तक मीटर खराब की शिकायत ज्यादा मिला है। साथ ही जिन लोगो का मीटर नही लगा है उन्हे मीटर लगाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जिन लोगो को नया कनेक्शन लेना है उन्हें डोमेस्टिक 11756 रुपए और कॉमर्सियल कनेक्शन के लिए 7456 रुपए देना होगा। शिविर को सफल बनाने में विद्युत विभाग के जेईई अजय कपरदार, सुरेश कुमार महतो, रविंद्र तिवारी, शैलेश महतो, शैलेन्द्र कुमार, अमोल कुमार एवं रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स भुरकुंडा के संजय अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, अशोक कुमार, जयप्रकाश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।




शिविर में मौजूद विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मी व चेंबर के लोग • फोटोन न्यूज

### BMS के दर्जनों लोगों ने थामा AJKSS का दामन

# सयाल में आयोजित बैठक में सतीश सिन्हा ने कहा: 26 का महाधरना होगा ऐतिहासिक

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय सयाल में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव एवं सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव उपस्थित थें। बैठक में यूनियन की मजबुती पर बल देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसमें जोड़ने की बात कही गई। बैठक के दौरान ही बीएमएस के सयाल परियोजना के सचिव बलराज फुलोड़िया के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का दामन थामा। सभी नये सदस्यों का सतीश सिन्हा ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में निर्णय हुआ कि मजदूर के प्रमोशन, रेगुलराइजेशन, क्षेत्र में पानी की समस्या, नए परियोजना को चालू करवाने आदि मुद्दों को लेकर आगामी 26 जुलाई को बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय पर एक दिवसीय महाधरना दिया जाएगा। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा की जो भी नई परियोजना चालू होना है उसमें स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देना होगा। अन्यथा हमारी यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि 26 का महाधरना कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। मौके पर संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, रणधीर साव, विनोद कुमार, शिवनंदन दास, विकास कांत सिन्हा, विनोद कुमार सिंह, गुरुदयाल ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, अनिल राम, कमलेश कुमार, कमल सिंह, असलम, शंकर सिंह, सनी कुमार सिंह, देव कुमार बेदिया, मंगलेश राम, दीनानाथ, मुन्ना कुमार, शनिचर मुंडा, अंकेश कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थें।




नये सदस्यों के साथ एजेकेएसएस के लोग • फोटोन न्यूज

## रमेश-कविता ने उत्साह व उमंग के साथ सालगिरह को मनाया



**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** जीवन में कुछ पलों का विशेष महत्व होता है। शादी की सालगिरह भी ऐसा ही क्षण होता है। शादी की 10 वीं सालगिरह एवं दीदी जी का जन्मदिन को सेलिब्रेट करते हुए नीम का पौधा और फूल पौधारोपण के जरिए पति पत्नी ने पर्यावरण को संरक्षित करने का दिया संदेश। बड़कीपोना निवासी सह कार्यकारी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा रामगढ़ के रमेश दांगी व उनकी पत्नी कविता कुमारी एक दूसरे को पहले लंबी उम्र की कामना करते हुए वर्तमान समय में जल संकट व पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने के उद्देश्य से पौधारोपण करने की लोगों से अपील की। इसके बाद उत्साह व उमंग के साथ सालगिरह को मनाया। इस मौके पर पहुंचे लोगों ने उनके इस नेक कार्य कर सराहना करते हुए पौधारोपण के लिए उन्हें प्रेरणा का स्त्रोत बताया। इस मौके पर महेश्वरी देवी, अंकुश आदि मौजूद रहे।

BRIEF NEWS

### जिला सर्विलांस कार्यालय में चलाया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम



**JAMSHEDPUR :** संचारी रोगों को लेकर बुधवार को जिला सर्विलांस कार्यालय में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद असद ने कर्मियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत संचारी रोगों की ऑनलाइन इंट्री कैसे करनी है, की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सारे संचारी रोगों के मरीजों के लिए विभाग आईएचआईपी पोर्टल पर डेटा इंट्री करना जरूरी है। जिसके फलस्वरूप इस रोगों का सही आंकड़ा विभाग को मिल पाएगा। विभाग इसके लिए सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को विभाग द्वारा वेबसाइट का लॉगिन आईडी और पासवर्ड भी उपलब्ध करा दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीडीएम सुशील तिवारी, डॉ. बोरिया बारला, जिला सर्विलांस विभाग के कर्मी दीपक कुमार, बागुनहातु, छोटागोविंदपुर, लक्ष्मीनगर, लायंस क्लब और सिदगोड़ा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन ने भाग लिया।

### राहुल हुए राजनीतिक षड्यंत्र के शिकार, कार्यकर्ता अपने नेता के साथ

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आनंद मय पात्रा ने मंगलवार को पार्टी के कुछ स्थानीय कार्यकताओं के साथ अपने आवासीय कार्यालय पर बैठक की। इस दौरान पार्टी को संगठन स्तर पर मजबूत बनाने का निर्णय किया गया। उम्मीद जताई गई कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद मय पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी राजनीतिक षड्यंत्र के शिकार हुए हैं। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता यह बात जन जन तक पहुंचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति की खूबसूरती पक्ष और विपक्ष दोनों के परस्पर सहयोग से ही बरकरार रह सकती है। आज एक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी को घेरने की कोशिश बीजेपी के द्वारा की जा रही है। जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। कांग्रेस जनता की अदालत में जाएगी। हम सब महात्मा गांधी के अहिंसा, करूणा और त्याग में विश्वास करने वाले लोग हैं। इसलिए संविधान का सम्मान करते हुए संवैधानिक अधिकारों के तहत राहुल गांधी के समर्थन में आवाज बुलंद करेंगे।

### विधायक सरयू राय ने एलईडी स्ट्रीट लाईट लगने की प्रक्रिया तेज करने का दिया निर्देश

**JAMSHEDPUR :** विधायक सरयू राय ने उनके विधानसभा क्षेत्र में लगाये जा रहे 2600 एलईडी स्ट्रीट लाईट लगने की प्रक्रिया तेज करने तथा इस परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र से पूरा करने का निर्देश जमशेदपुर अक्षेस विशेष पदाधिकारी को दिया है। श्री राय ने एक लिखित नोट में उनसे कहा है कि उद्घाटन/शिलान्यास की प्रतीक्षा किये बिना इस कार्यक्रम को शीघ्र पूरी कराये। उन्होंने सुझाव दिया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र मे एलईडी लगाने के लिए चयनित स्थलों को प्रकाशित/प्रसारित कर दिया जाय, एलईडी लाईट लगाने का काम 15 दिन से एक महीना की अवधि में पूरा कर लिया जाय, लाईट लगाने का रोजाना का न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित किया जाय, जिन जिन स्थानों पर मेरी विधायक निधि से करीब 3000 सोलर लाईट गत दो वर्षों मे लगाए गए हैं एलईडी सोलर लाईट उनसे थोड़ी दूरी पर लगाए जायं, एलईडी स्ट्रीट लाईट की मरम्मत की प्रक्रिया के बारे में आम जन को सूचित कर दिया जाए और इस बारे मे शिकायत दर्ज करने के लिए एक टोल फ्री नम्बर जारी कर दिया जाए, बेहतर होगा यदि एलईडी स्ट्रीट लाईट जहाँ लगाया जा रहा है वहाँ के समीपवर्ती चार-पाँच लोगों का मोबाईल नम्बर रख लिया जाए और बीच बीच में लाईट जलने/नहीं जलने के बारे में उनसे जानकारी हासिल करते रहा जाए।

# ODISHA में दर्दनाक हादसा : MANAGEMENT की पढ़ाई करने वाले चार छात्रों की एक साथ डूबने से मौत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** ओडिशा के खुर्दा में दर्दनाक हादसा हुआ है जिसकी चीख झारखंड के जमशेदपुर से लेकर रांची तक सुनाई दे रही है। पता चला है कि मैंनेजमेंट की पढ़ाई करने गये चार युवक एक साथ नदी में डूब गये। इसमें एक युवक झारखंड का रहने वाला है। मरने वाले युवक का नाम आर्यन मिश्रा (22) है। परिवार के लोग जमशेदपुर और रांची में रहते हैं। माता-पिता मानगो के जेकेएस सोसाईटी में रहते हैं।

घटना बालियंता थाना अंतर्गत ढाबलाहार गांव के पास कुआखाई नदी में मंगलवार शाम करीब छह बजे की है। बुधवार को जानकारी मिलने के बाद परिजन ओडिशा पहुंचे। शव को लेकर वापस जमशेदपुर के लिए निकल गये हैं। अब तक की जांच में पता चला कि आठ छात्र एक साथ ग्रुप बनाकर नदी में स्नान करने के लिए गये थे। इसमें से चार छात्र नदी में बह गये।



आर्यन मिश्रा की फाईल फोटो।

## पुत्र की मौत से परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़

आर्यन मिश्रा की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आर्यन दो भाई बहनों में बड़ा था। पिता का नाम पंकज मिश्रा है। परिवार की कुशलता के लिए आर्यन के दादा और दादी का 6 जुलाई को 50वां सालगिरह था। इस खुशी के मौके पर परिवार के सभी सदस्य विभिन्न स्थानों से जुटे थे और एक बड़ा आयोजन हुआ था। परिवार के सभी लोग काफी खुश भी थे। पर किसे पता था कि आर्यन से यह अंतिम मुलाकात है। परिवार की कुशलता के लिए आर्यन के दादा और दादी अपने साथियों के साथ सुल्तानगंज से बाबा धाम के लिए रास्ते में निकले थे। इसी दौरान इस घटना की सूचना प्राप्त हुई। आनन-फानन में दोनों घर पहुंच रहे हैं। अकस्मात हुए इस घटना से पूरे मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी।

नजदीकी लोगों ने बताया कि आर्यन एमबीए की पढ़ाई करने ओडिशा गया था। उसने भुवनेश्वर स्थित आस्था स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में दाखिला लिया था। इससे पहले बीबीए की पढ़ाई कोलकाता से पूरी की थी। वहीं स्कूली पढ़ाई तारापोर स्कूल एग्रीको से कॉमर्स विषय में की थी।

**कैसे हुई पूरी घटना :** जानकारी के अनुसार सभी आठ छात्र भुवनेश्वर स्थित आस्था स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थी थे। नदी में नहाने के दौरान चार छात्र बहकर गहरे पानी में फंस गए। मौके पर बचाव के लिए अग्निशमन सेवा की टीम भी पहुंची। इस दौरान एक-एक कर चार युवकों के शव निकाले गये। दूसरे युवक की पहचान कटक के अविनाश के रूप में हुई है। दो अन्य छात्र बालासोर और कटक के हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार एक महीने के भीतर डूबने की यह दूसरी घटना है। पिछले 27 मई को भी इस नदी में ओडिशा के अंगुल और भुवनेश्वर के रहने वाले इंजीनियरिंग के 2 छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी।

# कोल्हान विवि : स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तिथि घोषित, 18 अगस्त से 21 केंद्रों पर शुरू होगी परीक्षा

## नई शिक्षा नीति के तहत हुए चार वर्षीय कोर्स की यह पहली परीक्षा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। इसके तहत यह परीक्षा 18 अगस्त से शुरू शुरू हो कर 25 अगस्त तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में इसे आयोजित होगी इसकी पहली पाली सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी।

विवि से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के लिए कुल 21 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें टाटा कॉलेज चाईबासा, महिला कॉलेज चाईबासा, जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर, केएस कॉलेज सरायकेला, मॉडल महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, नोवामुंडी कॉलेज, सिंहभूम कॉलेज चांडिल, करीम सिटी कॉलेज, ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर, पटमदा डिग्री कॉलेज, एलबीएसएम कॉलेज, कोआपरेटिव कॉलेज, वर्कर्स कॉलेज, जेकेएस कॉलेज मानगो, घाटशिला कॉलेज, बीडीएसएल महिला कॉलेज, बहरागोड़ा कॉलेज, डिग्री कॉलेज मनोहरपुर, संत अगस्टीन कॉलेज मनोहरपुर व एजेके कॉलेज चाकुलिया शामिल है।

**यूजी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 जुलाई से :** स्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 जुलाई से शुरू होगी। विवि की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत 21 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक संचालित होगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। इस परीक्षा के लिए भी विवि ने कुल 21 केंद्र बनाए हैं। हालांकि अभी परीक्षा केंद्रों का निर्धारण नहीं हुआ है। कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की मानें तो जल्द ही केंद्रों का निर्धारण कर दिया जाएगा। इसमें करीब 25 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**सभी परीक्षा छह से 1 साल की देरी पर :** कोल्हान विवि परीक्षाओं को आयोजित करने में किस प्रकार की देरी कर रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 6 महीने होने वाले स्नातक सेमेस्टर -1 (सत्र 2022-25) की परीक्षा एक साल बाद आयोजित होने जा रही है। जबकि इस समय तक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा हो जानी चाहिए थी। वहीं यूजी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा करीब एक साल की देरी से संचालित हो रही है।

# KOLHAN में डेंगू के बढ़ते मामले को लेकर विभाग ने जारी किया अलर्ट

## सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को दिया गया निर्देश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान में डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए जिले के सभी निजी व सरकारी अस्पतालों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया है। विभाग ने इसके साथ ही कर्मचारियों को भी विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा यह निर्देश कोल्हान क्षेत्र में डेंगू के मामले लगातार मिलने के चलते दिया गया है।



हालांकि बुधवार को डेंगू के नौ संदिग्ध मरीज मिले है। इसमें से तीन मरीज सरायकेला जिला और छह मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के आजाद नगर व साकची के रहने वाले हैं। सभी मरीजों का इलाज गुरु नानक हास्पिटल व ब्रह्मानंद अस्पताल में चल रहा है। ये सभी मरीज बुखार व बदन दर्द लेकर पहुंचे थे। इसमें एक आठ साल का बच्चा भी है। जिला सर्विलांस विभाग ने सभी संदिग्ध मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। शुक्रवार तक सभी मरीजों की रिपोर्ट आने की संभावना है। बीते मंगलवार को भी शहर में एक डेंगू का मरीज मिला था। उसका नमूना भी जांच के लिए भेजा गया है। जिले में इस साल डेंगू के 24 नए मामले सामने आ चुके हैं। जबकि, बीते दस दिनों में चार नए मरीजों की पुष्टि हुई है।

## मारवाड़ी महिला मंच की बिष्टुपुर तुलसी भवन में भागवत कथा का पांचवां दिन

# भगवान की कृपा प्रतीक्षा की चीज नहीं समीक्षा की वस्तु है : सीताराम शास्त्री

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर तुलसी भवन में बुधवार को भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण बाल लीला, गिरिराज पूजन एवं छप्पन भोग का प्रसंग का व्यास पीठ से सुंदर व्याख्यान करते हुए कथावाचक सीताराम शास्त्री ने कहा कि भगवान की कृपा प्रतीक्षा की चीज नहीं समीक्षा की वस्तु हैं। साधक के जीवन में सुःख हो या दुःख हर परिस्थिति में प्रभु कृपा का दर्शन करना चाहिए। गिरिराज पूजन का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि मनुष्य को सदा प्रकृति का पूजन करना चाहिए विध्वंसक नहीं। प्रकृति हमारी मां हैं। उसे विकृत नहीं, संस्कृति करें। साधक यदि सत्यता में जीता हैं तो उसे सदा निर्भयता ही मिलती हैं। असत्य से वही समझौता करता हैं जिसका सत्य का पक्ष कमजोर होता हैं। वह हमेशा डरा हुआ होता हैं। सत्य परेशान हो सकता हैं पर परास्त नहीं। सत्य हमारा निज स्वरूप हैं। वही भगवान हैं। इसलिए तो कोई हमसे झूठ बोले हमें अच्छा नहीं लगता। इससे प्रमाणित होता हैं कि हम सत्य की मंताति हैं। सत्य स्वरूप परमात्मा को उपलब्ध होना ही जीवन का परम लक्ष्य हैं। शास्त्री ने कालीय निग्रह प्रसंग सुनाते हुए आगे कहा कि इन्द्रियों को मारने से इन्द्रियां शांत नहीं होती, अपितु इन्द्रियों को मोड़ने से इन्द्रियों की गति दिव्य बनती हैं और शांत होती हैं। उन्हें प्रभु के मार्ग से मोड़ना चाहिए क्योंकि इन्द्रियों के स्वामी भगवान ही हैं।



भागवत कथा करते महाराज सीताराम शास्त्री। ● फोटोन न्यूज

महाराज जी छठवें दिन गुरूवार को रास लीला, उद्धव गोपी संवाद एवं रूकमणि चरित्र का प्रसंग सुनायेंगे। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु देर संध्या तक जमे रहे।

**नवजात कन्या पूजन :** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर द्वारा आयोजित भागवत कथा में बुधवार को राधा जन्मोत्सव के दिन कन्या पूजन के अंतर्गत 11 नवजात कन्या का पूजन कर एवं उनकी माताओं को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने अपने हाथों से उपहार देकर सम्मानित किया।

08 यजमानों ने की पूजाः- मंगलवार की सुबह आठ यजमान क्रमशः नंद किशोर अग्रवाल, किशोर खंडेलवाल, कंचन खंडेलवाल, संजु खंडेलवाल, पुष्पा संघी, राजेन्द्र प्रसाद, वर्षा मित्तल, उमेश साह ने संयुक्त रूप से पूजा करायी।

# चैंबर के दूसरे तल्ले में जीर्णोद्धारित हॉल का समाजसेवी रमेश अग्रवाल ने किया उद्घाटन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के दूसरे तल्ले में स्थित हॉल का आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार के उपरांत इसका उद्घाटन जमशेदपुर के जानेमाने समाजसेवी एवं उद्यमी रमेश कुमार अग्रवाल, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुमुद अग्रवाल एवं उनके परिवार के सदस्यों सहित अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं पूर्व अध्यक्षगणों विजय मेहता, निर्मल काबरा एवं अशोक भालोटिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि इस हॉल का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण उद्यमी एवं समाजसेवी रमेश अग्रवाला के द्वारा अपने दादा स्व. मुरलीधर जी अग्रवाला तथा माता-पिता स्व. मदन मोहन जी एवं गीता देवी अग्रवाला की स्मृति में कराया गया है। रमेश अग्रवाला जमशेदपुर के जानेमाने उद्यमी एवं समाजसेवी के रूप अपनी पहचान रखते हैं जो चैंबर को हमेशा अपना सहयोग तन-मन-धन से देते रहे है।



फीता काटकर उद्घाटन करते समाजसेवी रमेश अग्रवाल व अन्य। ● फोटोन न्यूज

चैंबर के इस हॉल का निर्माण काफी वर्ष पूर्व किया गया था जिसका जीर्णोद्धार 15-16 वर्ष पूर्व किया गया था तथा वर्तमान में इसके आधुनिकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके लिये कि उन्होंने हॉल के जीर्णोद्धार हेतु अग्रवाला परिवार के समक्ष इसके जीर्णोद्धार हेतु प्रस्ताव रखा जिसे इन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए इसके लिये हामी भरी।

उन्होंने कहा कि इनके कार्यों में किसी न किसी रूप हमारे पदाधिकारियों ने भी सहयोग किया जो धन्यवाद के पात्र हैं विषेकर अभिषेक अग्रवाल गोल्डी जिन्होंने चैम्बर के रेनोवेशन कार्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच हमारे पूर्व अध्यक्षगण इस उद्घाटन के मौके पर उपस्थित हैं जिनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद तले मैं और मेरी पूरे पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की टीम मिलकर कार्य कर रही है और चैंबर को नई उंचाईयों पर ले जाने हेतु तत्पर है।

उद्घाटन के पश्चात रमेश अग्रवाला ने कहा कि चैंबर के वर्तमान पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की टीम एकजुट मिलकर बहुत ही अच्छा कार्य कर रही हैं इसके लिये इन्हें शुभकामनाएं देता हूं। आज जैसा कार्य चैम्बर में हो रहा है इससे पूर्व अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों को गर्व महससू होता है कि वे चैम्बर से जुड़े रहे हैं। पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्षों का आशीर्वाद लेकर लगातार अच्छा कार्य करते रहना है।

## खेलो JHARKHAND : राज्य के सभी स्कूलों में आयोजित होंगी एक दर्जन से अधिक प्रतियोगिताएं

# जिलों में SCHOOL स्तर पर प्रतियोगिताएं, 15 JULY से 14 AUGUST तक होंगी आयोजित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में खेलो झारखंड 2023-24 के तहत स्कूल स्तर पर वार्षिक खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों के डीईओ व डीएसई को निर्देश जारी कर सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इसका आयोजन करने का निर्देश दिया है।

विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी ही प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके बाद जिला स्तर और राज्य स्तर पर प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर 14 में कक्षा पांच एवं उससे ऊपर, अंडर 17 में कक्षा छह एवं उससे ऊपर और अंडर 19 में कक्षा छह एवं उससे ऊपर के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। विभाग की ओर से इस प्रतियोगिता के लिए स्कूल को राशि भी आवंटीत कराई जाएगी। ताकि स्कूल स्तर बेहतर खेल प्रतियोगिता हो सके। इसमें प्राथमिक विद्यालय को 500 रुपए, मध्य विद्यालयों को 1000 रुपए, माध्यमिक विद्यालय को 1500 रुपए और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को 2000 रुपए प्रावधान किए जाएंगे। हालांकि इस राशि को संबंधित खेलों के लिए कम बताते हुए स्कूल इसे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

**निदेशक ने कहा समय सारणी के अनुसार ही होंगी प्रतियोगिताएं :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने विद्यालय स्तर से लेकर राज्य स्तर पर वार्षिक खेल कार्यक्रम खेलो झारखंड 2023-24 की समय सारणी घोषित किया गया है। राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने पत्र जारी कर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह कार्यक्रम पदाधिकारी को सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में आयोजन करने को कहा है।

## एथलेटिक्स, जूडो और हॉकी की प्रतियोगिताएं भी होंगी

परियोजना परिषद ने सभी खेलों के लिए तिथि निर्धारित किया है। इसके तहत 17 से 21 जुलाई तक एथलेटिक्स, जूडो और हॉकी खेल का आयोजन किया जाएगा। वहीं 24 से 26 जुलाई तक तीरंदाजी, ताइक्वांडो, 27 से 29 जुलाई तक कबड्?डी, कुश्ती, बैडमिनटन, 31 जुलाई से 02 अगस्त तक कराटे, वॉलीबॉल, खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जबकि 03 से 05 अगस्त तक वुशू, शतरंज, फुटबॉल प्रतियोगिता और 07 से 14 अगस्त तक बॉक्सिंग, साइकिलिंग और योगा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## स्कूल से लेकर राज्यस्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं

खेलो झारखंड प्रतियोगिता स्कूल से लेकर राज्यस्तर पर आयोजित होगी। विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों का प्रखंड स्तर पर 16 अगस्त से 16 सितंबर तक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रखंड स्तर पर अव्वल आने वाले खिलाड़ियों का जिला स्तर प 18 सितंबर से 21 अक्टूबर तक प्रतियोगिता होगा। वहीं राज्य स्तर पर एक नवंबर से 22 दिसंबर एवं 20 से 23 जनवरी 2024 तक खेल का आयोजन किया जाएगा।

# सरकार के संरक्षण में धडल्ले से बेची जा रही वन विभाग की जमीन : सहिस



प्रदर्शन में शामिल आजसू पार्टी के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आजसू पार्टी द्वारा निर्देशित भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत बुधवार को बोडाम प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर 29 सूत्री मांग पत्र के रूप में ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अध्यक्ष माणिक चंद्र महतो कर रहे थे। इस दौरान रामचंद्र सहिस के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता बोड़ाम बाजार से जुलूस की शक्ल में बोड़ाम प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। इससे पूर्व चुवाड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के ऊपर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सहिस ने बताया कि शहीद के सपनो का राज्य पंजीपतियो का राज्य बन चुका है जिसके वजह से इस राज्य का विकास का पहिया थम सा गया है। बोड़ाम प्रखंड में सहिया दीदी को नियमित मानदेय भत्ता नहीं मिल रहा है उनलोगो द्वारा लगातार संघर्ष किया जा रहा है। बिजली विभाग तो भ्रष्टाचार की चरम सीमा को पार कर चुकी है और उसका ठीकरा गरीब जनता के ऊपर पड़ता है। सभा में उपस्थित पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव प्रो रवि शंकर मौर्या ने बताया कि इस राज्य में अबतक के इतिहास में सबसे ज्यादा शोषण युवाओं का हुआ है स्कूल में शिक्षक नहीं है शिक्षित बच्चे बेरोजगार हो गए है।

# सुखद आर्थिक संकेत

मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमैन सैक्स जिस समय भारतीय अर्थव्यवस्था के साल 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की मुनादी कर रही थी, लगभग उसी वक्त संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) व ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक अध्ययन-रिपोर्ट में यह बताया गया कि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी-रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, ये दोनों खबरें भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती हैं। अच्छी बात यह है कि इनमें से एक वर्तमान भारत से संबंधित है और दूसरी आने वाले हिन्दुस्तान से, यानी तरक्की की इस गाथा में एक निरंतरता देखी जा रही है। वैसे, भारतीय अर्थव्यवस्था के सुनहरे कल की बातें अरसे से की जाती रही हैं और इसके ठोस आधार भी हैं। न सिर्फ यहां मध्यवर्ग का तेजी से विस्तार हो रहा है, उपभोक्ता बाजार में लगातार मांग बढ़ रही है, बल्कि इसके पास कुशल-अर्द्धकुशल कामकाजी नौजवानों की एक विशाल फौज भी है और इन सबको देखते हुए विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास मजबूत हुआ है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था की सफलताओं व संभावनाओं की बुनियाद में राजनीतिक स्थिरता की बड़ी भूमिका है। यूएनडीपी की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के आंकडे. भी इसकी तस्दीक करते हैं। साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे और अगले एक दशक में यह संख्या घटकर 37 करोड़ रह गई थी। साल 2021 तक स्थिति में और सुधार हुआ व करीब 14 करोड़ और लोग इस दलदल से बाहर निकले। साफ है, निरंतरता बनी रही है। गौर कीजिए, 2005 से 2014 तक मनमोहन सिंह की सदारत में देश में यूपीए की सरकार थी और उसके बाद से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए का शासन है। ये दोनों ही सरकारें राजनीतिक रूप से स्थिर रही हैं और इनकी प्राथमिकताओं में गरीबी उन्मूलन प्रमुखता से शामिल रहा है। विलक्षण बात यह है कि ये दोनों सरकारें दो विपरीत सियासी ध्रुवों पर खड़ी रही हैं, पर इनका आर्थिक दर्शन एक रहा है। मगर भारतीय अर्थव्यवस्था के नीति-नियंताओं को इसकी कुछ विसंगतियों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। देश में गरीबी का अंत जितना जरूरी है, आर्थिक विषमताओं से निपटना उससे कम अहम नहीं है। ऑक्सफेम की हालिया रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि देश की 60 फीसदी संपत्ति सिर्फ पांच प्रतिशत भारतीयों के पास है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा है। हमें इस बात की खुशी है, और होनी चाहिए कि हमने डेढ़ दशकों में इतने करोड़ों लोगों को गरीबी-रेखा से ऊपर उठाया, मगर हम इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं कर सकते कि 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। एक अच्छी-खासी तादाद में हमारे करोड़पति-अरबपति दूसरे देश जाकर बस भी रहे हैं। क्या भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले अरबपतियों पर कोई आर्थिक दंड नहीं लगना चाहिए?

# अराजक यातायात

एक आंकड़े के अनुसार अपने देश में प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है लेकिन इसके बाद भी मार्ग दुघर्टनाओं को रोकने के लिए वैसे जतन नहीं किए जा रहे जैसे अनिवार्य हो चुके हैं। अपने देश में यातायात पुलिस की भारी कमी है लेकिन उसे दूर करने का काम प्राथमिकता से बाहर है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए एक भीषण हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत ने फिर यह बताया कि अपने देश में जैसे-जैसे अच्छी सड़कें बन रही हैं, वैसे-वैसे ही दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं और उनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसा इसलिए हुआ, क्योंकि एक कार की भिड़ंत गलत दिशा से आ रही बस से हो गई। यह अंधेरगर्दी ही है कि यह बस करीब आठ किमी तक गलत दिशा में चलती रही, लेकिन किसी ने उसे रोका-टोका नहीं। आखिर कोई यह देखने वाला क्यों नहीं था कि बस चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहा है? जैसा दर्दनाक हादसा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ, वैसे देश भर में होते ही रहते हैं। एक्सप्रेसवे, हाईवे आदि पर होने वाले हादसों में न जाने कितने लोग मरते और अपंग होते हैं, लेकिन इसके ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं कि उनमें ट्रैफिक नियमों का पालन हो। यह तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए कि एक्सप्रेसवे या हाईवे पर गलत दिशा में वाहन चलें, लेकिन ऐसा खूब होता है। इतना ही नहीं, तेज गति के लिए उपयुक्त इन मार्गों पर हर किस्म के वाहन गलत तरीके से चलते हैं। एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन भी दिख जाते हैं और कभी-कभी तो तीन सवारी के साथ। ट्रैफिक नियमों का ऐसा खुला उल्लंघन ही जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनता है। एक आंकड़े के अनुसार अपने देश में प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन इसके बाद भी मार्ग दुघर्टनाओं को रोकने के लिए वैसे जतन नहीं किए जा रहे, जैसे अनिवार्य हो चुके हैं। अपने देश में यातायात पुलिस की भारी कमी है, लेकिन उसे दूर करने का काम प्राथमिकता से बाहर है। जहां कहीं एक्सप्रेसवे, हाईवे आदि पर यातायात पुलिसकर्मी होते भी हैं, वे खानापूरी करते हैं। वे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं।

# राहुल गांधी का 'हिट' पश्चिम बंगाल पर 'फिट'

ANALYSIS



✍ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

शांति पूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही। हिंसा और उपद्रव के माहौल में निष्पक्ष चुनाव सम्भव भी नहीं होते। इस चुनाव में बैलेट से चुनाव की वास्तविकता भी सामने आ गई है। विगत नौ वर्षों में जहां भी भाजपा विजयी हुई, वहां विपक्ष ने ईवीएम पर हमला बोला। तब उनका कहना था कि ईवीएम में गड़बड़ी करके भाजपा ने चुनाव जीता है। चुनाव आयोग तक गुहार लगाई गई। चुनाव आयोग ने आरोप सिद्ध करने के लिए विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया। लेकिन किसी ने चुनौती स्वीकार नहीं की। वैसे चुनाव में जब विपक्षी पार्टियां विजयी होती थीं, तब सर्वाधिक राहत ईवीएम को मिलती थी। वह विपक्षी हमले से बच जाती थी। तब कोई यह नहीं कहता था कि चुनाव बैलेट से होने चाहिए। भला हुआ कि अभी कर्नाटक में कांग्रेस जीत गई। विपक्षी नेता वहां जश्न मनाने पहुंच गए। यदि भाजपा विजयी होती तो अभी तक ईवीएम पर हमले हो रहे होते। उधर, पश्चिम बंगाल में बैलेट से चुनाव की अच्छी दशा दिखाई देती तो देश में बैलेट से चुनाव कराने की मांग हो रही होती।

तीर की तरह बयान भी कई बार गलत निशाने पर लग जाते हैं। राहुल गांधी के ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक में दिए गए बयानों का भी यही अंजाम हुआ। भारत का नाम लेकर उन्होंने नरेन्द्र मोदी पर निशाना लगाया। लेकिन उनके बयान पश्चिम बंगाल पर फिट हो गए। निशाने पर ममता बनर्जी आ गईं। राहुल गांधी ने विदेशों में आरोप लगाए थे कि भारत में लोकतंत्र को समाप्त किया जा रहा है। वह अपने बयान के समर्थन में कोई उचित प्रमाण नहीं दे सके थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि भारत में कुछ लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। राहुल के ये बयान भारत पर तो लागू नहीं हुए, लेकिन पश्चिम बंगाल में पूरी तरह चरितार्थ हुए हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव इसका प्रमाण है। शांति पूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही। हिंसा और उपद्रव के माहौल में निष्पक्ष चुनाव सम्भव भी नहीं होते। इस चुनाव में बैलेट से चुनाव की वास्तविकता भी सामने आ गई है। विगत नौ वर्षों में जहां भी भाजपा विजयी हुई, वहां विपक्ष ने ईवीएम पर हमला बोला। तब उनका कहना था कि ईवीएम में गड़बड़ी करके भाजपा ने चुनाव जीता है। चुनाव आयोग तक गुहार लगाई गई। चुनाव आयोग ने आरोप सिद्ध करने के लिए विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया। लेकिन किसी ने चुनौती स्वीकार नहीं की। वैसे चुनाव में जब विपक्षी पार्टियां विजयी होती थीं, तब सर्वाधिक राहत ईवीएम को मिलती थी। वह विपक्षी हमले से बच जाती थी। तब कोई यह नहीं कहता था कि चुनाव बैलेट से होने चाहिए। भला हुआ कि अभी कर्नाटक में कांग्रेस जीत गई। विपक्षी नेता वहां जश्न मनाने पहुंच गए। यदि भाजपा विजयी होती तो अभी तक ईवीएम पर हमले हो रहे होते। उधर, पश्चिम बंगाल में बैलेट से चुनाव की अच्छी दशा दिखाई देती तो देश में बैलेट से चुनाव कराने की मांग हो रही होती। पश्चिम बंगाल के लिए चुनावी हिंसा कोई नई बात नहीं है। यहां तो कम्युनिस्टों की सरकार से लेकर आज तक यही हो रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान और परिणाम के फौरन बाद पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का दौर शुरू हुआ था। इसमें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लोगों की सहभागिता सामने आई थी। यह भी आरोप था कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हिंसा को रोकने में कोई गंभीरता नहीं दिखाई। आरोप लगा कि सत्ता पक्ष अपने विरोधियों में भय का संचार करना चाहता था। यह राजनीति की कम्युनिस्ट शैली थी, जिसे तृणमूल ने अपना लिया। तब लोकसभा सदस्य ज्योतिर्मय सिंह महतो के नेतृत्व में भाजपा सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की थी। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात में सांसदों ने कोविंद को एक पत्र सौंप कर कहा कि पूरे पश्चिम बंगाल में अराजकता और डर का माहौल है। राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पश्चिम बंगाल के जंगल महल क्षेत्र में माओवादियों और अपराधियों की सक्रियता भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जो कि चिंता का विषय है। अपराधियों और नक्सलियों के छुपने के लिए जंगल महल एक सुरक्षित स्थान बन गया है। बावजूद इसके राज्य सरकार और उसके आला अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। पुरुलिया कोल माफिया और रेत माफिया प्रशासन की शह पाकर खुले तौर पर अवैध कारोबार कर रहे हैं। जिन परिवारों ने भाजपा का समर्थन किया था उन्हें चुनाव बाद हुई हिंसा में अपने प्रियजनों को खोना पड़ा। राज्य की एक बड़ी आबादी डर के माहौल में जी रही है। भाजपा समर्थक लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस समय पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हिंसा पर एक रिपोर्ट भी जारी हुई थी। इसमें कहा गया था कि यहां चुनाव के बाद से ही हिंसक गतिविधि चलती रही है। इसमें भाजपा का समर्थन करने वाले निशाने पर थे। हिंसक तत्वों को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का खुला समर्थन था। यही कारण था कि पुलिस व प्रशासन ऐसी घटनाओं को नजरन्दाज करता रहा। इससे हिंसक तत्वों का मनोबल बहुत बढ़ गया था। पीड़ित लोगों की पुलिस थानों में कोई सुनवाई नहीं थी। वस्तुतः यह हिंसा सुनियोजित थी। इसका उद्देश्य भाजपा समर्थकों में भय फैलाना था। गृह मंत्रालय की ओर से पोस्ट इलेक्शन वायलेंस पर बनाई गई फैक्ट फाइंडिंग कमिटी में सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके जस्टिस प्रमोद कोहली, केरल के पूर्व चीफ सेक्रेटरी आनंद बोस, कर्नाटक के पूर्व अतिरिक्त सचिव मदन गोपाल, आईसीएसआई के पूर्व अध्यक्ष निसार चंद अहमद और झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर शामिल थे। टीएमसी ने विधानसभा चुनाव में विजय मनाने से पहले ही विध्वंस की राजनीति शुरू की थी। ऐसी कोई घटना यदि भाजपा शासित राज्य में हो जाती तो तूफान खड़ा कर दिया जाता। जब बंगाल में दलितों,पिछड़ों, आदिवासियों और महिलाओं के साथ हिंसा होती है तो मानवाधिकार कार्यकताओं की आवाज भी नहीं निकलती। पंचायत चुनाव में हिंसा और बूथ कैप्चरिंग पर विपक्षी दलों का मौन उनके विचारों को उजागर करने वाला है। डॉ. अनिर्बान गांगुली ने कहा कि मतदान से एक दिन पूर्व टीएमसी ने राज्य भर में अपनी मशीनरी का उपयोग करते हुए अपने सशस्त्र गुंडों को तैनात कर दिया। इन दस्तों को विभिन्न इलाके में देखा गया, लेकिन सूचना दिये जाने के बाद भी पुलिस मूकदर्शक बनी रही। मतदान के दिन कई लोगों को केंद्र पहुंचने पर पता चला कि उनका वोट पहले ही डाला जा चुका है, कुछ को वापस लौटा दिया गया और अन्य बिना मतदान किए वापस जाने को मजबूर थे। यह हालात उस वक्त देखने को मिले जब टीएमसी के सशस्त्र गुंडों ने मतदान केंद्रों को अपने कब्जे में लेना आरंभ किया। इस दौरान अन्य दलों के बूथ एजेंटों पर हमला किया गया और मतदान अधिकारियों को भी केंद्रों से बाहर निकाल दिया गया। भाजपा बूथ एजेंटों को बूथों से दूर कर दिया गया। टीएमसी संरक्षण प्राप्त इन बाहरी उपद्रवी तत्वों ने सभी बूथों का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया। ये गुंडे कभी हवा में बंदूक लहराते और कभी फायरिंग करते भी नजर आये। वास्तविकता यह है कि मतदान केंद्रों के सामने कोई कतार नहीं थी। फिर भी राज्य के चुनाव आयोग ने दावा किया कि इन चुनावों में अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा।





**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# मौसम की क्रूरता और इंसानी लापरवाही

वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन ने अपना क्रूर चेहरा दिखाना शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में जुलाई में 200 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। यही हाल उत्तराखंड का है। हिमाचल प्रदेश के मंडी, कुल्लू, चंबा, शिमला, सिरमौर में जान-माल की अप्रत्याशित तबाही दिल दहला देने वाली है। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है है। जगह-जगह लोग प्रकृति के क्रोध के शिकार हो कर असहाय अनुभव कर रहे हैं। सरकार मरहम लगाने की कोशिश कर रही है। किन्तु साल दर साल बढ़ती बाढ़ की विभीषिका कई सवाल खड़े कर रही है। सवाल यह है कि जलवायु परिवर्तन के असर की भविष्यवाणी तो कई सालों से की जा रही है तो हिमालय जैसे नाजुक पर्वत क्षेत्र में उचित सावधानियां क्यों नहीं उठाई गई हैं। सैकड़ों पर्यटक जगह-जगह फंसे हुए हैं। ईश्वर का शुक्र है कि सब सुरक्षित हैं। सरकार भी उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो कर कार्रवाई कर रही है किन्तु बरसात में पर्यटन को किस तरह दिशा-निर्देशित किया जाना चाहिए इस बात की कमी खलती है। पर्यटन सूचना केन्द्रों का नेटवर्क सक्रिय होना चाहिए जो बरसात के खतरों से अवगत करवाए। मंडी में हुई तबाही के पीछे लारजी और पंडोह बांधों से अचानक छोड़ा गया पानी भी जिम्मेदार माना जा रहा है। बांधों के निर्माण के समय बाढ़ नियंत्रण में बांधों की भूमिका का काफी प्रचार किया जाता रहा है किन्तु देखने में तो उल्टा ही नजर आ रहा है। बांधों से अचानक और बड़ी मात्रा में छोड़ा जा रहा पानी ही अप्रत्याशित बाढ़ का कारण बनता जा रहा है। बरसात से पहले बांधों में बाढ़ का पानी रोका जा सके, इसके लिए बांधों को खाली रखा जाना चाहिए किन्तु अधिक से अधिक बिजली पैदा करने के लिए बांध भरे ही रहते हैं। बरसात आने पर पानी जब बांध के लिए खतरा पैदा करने के स्तर तक पंहुचने लगता है तो अचानक इतना पानी छोड़ दिया जाता है जितना शायद बिना बांध के आई बाढ़ में भी न आता। इन मुद्दों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और बांध प्रशासन को निर्देशित किया जाना चाहिए। बांधों की बाढ़ नियन्त्रण भूमिका को सक्रिय किया जाना चाहिए। दूसरी बड़ी गडबड़ी सड़क निर्माण में हो रही लापरवाही से भी हो रही है। निर्माण कार्य में निकलने वाले मलबे को निर्धारित स्थानों, डंपिंग स्थलों में न फेंक कर यहां वहां फेंक दिया जाता है और वही मलबा बाढ़ को कई गुणा बढ़ाने का कारण बन जाता है। मलबा जब एक बार नीचे ढलानों पर खिसकना शुरू हो जाता है तो अपने साथ और मलबा बटोरता जाता है, जिससे भारी तबाही का मंजर नजर आता है। नदी-नालों में जब यह मलबा पहुंचता है तो नदी का तल ऊपर उठ जाता है और वह क्षेत्र जो पहले कभी बाढ़ की जद में नहीं आए थे वह भी अब बाढ़ की जद में आ जाते हैं। सड़क निर्माण में जल निकासी का भी ध्यान नहीं रखा जाता है। सड़क किनारे बनाई गई नालियों से जल एकत्र हो कर कहीं एक जगह छोड़ दिया जाता है जो भू-कटाव को बढ़ने का कारण बनता है। सड़क निर्माण विधिवत पर्वतीय दृष्टिकोण से कट एंड फिल तकनीक से किया जाना चाहिए। पहाड़ों में सड़क के विकल्पों पर भी सोचा जाना चाहिए। सड़क तो जीवन रेखा है, किन्तु जीवन रेखा यदि जीवन को ही लीलने लग जाए तो सोचना पड़ेगा कि गड़बड़ कहां हो रही है। सड़क के विकल्प के रूप में मुख्य मार्गों से लिंक सड़कों के बजाय उन्नत तकनीक के रज्जू मार्ग बनाए जा सकते हैं। किन्तु इस दिशा में सरकारों ने सोचना ही शुरू नहीं किया है। हां पर्यटन आकर्षण के रूप में कुछ-कुछ जगहों में रज्जू मार्ग बने हैं। उनके अनुभव से सस्ती और टिकाऊ यातायात सुविधा निर्मित की जा सकती है। फिलहाल जब यह बात उजागर हो गई है कि मलबा डंपिंग की भूमिका भूस्खलन बढ़ाने में मुख्य है तो सरकार का यह फर्ज बनता है कि इसका सुओ-मोटो संज्ञान ले कर जहां-जहां नुकसान हुआ है वहां तकनीकी जांच करवाई जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों के मामले में चीफ विजिलेंस अफसर को जांच के लिए कहना चाहिए। साल 1994 में भागीरथी के तट पर, जब टिहरी बांध विरोधी आन्दोलन चल रहा था तब हिमालय बचाओ आन्दोलन का घोषणा पत्र जारी हुआ था। इसकी मुख्य मांग थी कि हिमालय की नाजुक परिस्थिति के मद्देनजर हिमालय के लिए विकास की विशेष प्रकृति मित्र योजना बनाई जाए। योजना आयोग के डॉ. एसजेड कासिम की अध्यक्षता में बनाई गई विशेष समिति ने भी 1992 में इसी आशय की रिपोर्ट जारी की थी किन्तु उस पर भी कोई अमल नहीं हुआ। पर्वतीय क्षेत्रों के लोग लगातार विकास के नाम पर चल रही अंधी दौड़ के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं किन्तु सरकारों और तकनीकी योजना निमार्ताओं के कानों में जूं भी नहीं रेंगती है। एक अच्छा बहाना इन लोगों को मिल जाता है कि प्रकृति के आगे हम क्या कर सकते हैं, किन्तु इन लोगों को पूछा जाना चाहिए कि प्रकृति को इतना मजबूर करने का आपको क्या हक है कि प्रकृति बदला लेने पर उतारू हो जाए। हालांकि इस विषय पर चर्चा तो सरकारी क्षेत्रों में चलती रहती है, वर्तमान सरकार में भी नीति आयोग द्वारा हिमालयी क्षेत्र में विकास की दिशा तय करने के लिए रीजनल काउंसिल का गठन किया गया है, किन्तु अभी तक इस संस्था की कोई गतिविधि सामने तो नहीं आई है। अब समय है कि सब नींद से जागें और हिमालय में विकास की गतिविधियों को प्रकृति मित्र दिशा देने का प्रयास करें। हमें सोचना होगा कि हिमालय में होने वाली कोई भी पर्यावरण विरोधी कार्रवाई पूरे देश के लिए हिमालय द्वारा दी जाने वाली पर्यावरणीय सेवाओं से वंचित करने वाली साबित होगी।

## Social Media Corner

सच के हक में...



2005-06 में देश में 65.5 करोड़ लोग गरीब थे। 2019-21 में देश में गरीबों की संख्या 23 करोड़ रह गई है। यूएन द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत बहुत तेजी के साथ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाल रहा है। वास्तव में यह खबर हर देशवासी को सुकून और नया विश्वास देने वाली है। सेवा-समर्पण और गरीब कल्याण का यही लक्ष्य है कि भारत को सशक्त-समृद्ध बनाना है। गरीबी का नाश करना है। विकसित भारत की ओर बढ़ते हमारे मजबूत कदम।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



नाबार्ड के 42वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया और संबोधित किया। पिछले कई वर्षों से, नाबार्ड हमारे देश भर के किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और समुदायों के जीवन को बदलने में एक प्रेरक शक्ति रहा है। यह लंबे समय तक जारी रह सकता है। मेरी शुभकामनाएं।

**(राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के ट्विटर अकाउंट से)**

# देश को लज्जित करता बंगाल

एक क्षण के लिए कल्पना करें कि यदि देश में ईवीएम यानी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के बजाय मतपत्रों से चुनाव हो रहे होते तो क्या होता? शायद वही, जो अभी बंगाल में पंचायत चुनावों के दौरान हुआ। यहां मतदान वाले दिन मतपत्र ही नहीं, मतपेटियां भी लूटी गईं। उन्हें सीवर, नालों, तालाबों में फेंका गया या फिर जला दिया गया। इसके अलावा मतदान अधिकारियों से मतपत्र छीनकर उनमें अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मुहर लगाई गई। मतदान अधिकारी असहाय-निरुपाय होकर लोकतंत्र को कलंकित करने वाली इस अराजकता को देखते रहे। उनके सामने कोई उपाय नहीं था, क्योंकि मतदान केंद्रों में या तो पुलिस थी ही नहीं या फिर वह निष्क्रिय थी। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश से जो केंद्रीय सुरक्षा बल बंगाल भेजे गए थे, उन्हें संवेदनशील स्थानों पर तैनात ही नहीं किया गया या फिर वहां उन्हें देर से भेजा गया। कहीं-कहीं तो तब, जब मतदान हो चुका था। मतदान के दिन बंगाल में केवल इतना ही नहीं हुआ। इस तथाकथित भद्रलोक में अनेक स्थानों पर बम और गोलियां चलीं। बड़े पैमाने पर हिंसा हुई, जिनमें करीब 19 लोग मारे गए। इनमें सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता थे। इसका मतलब है कि सभी दलों ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने की तैयारी कर रखी थी। ममता सरकार यह कहकर नहीं बच सकती कि हिंसा में उसके दल के लोग भी मारे गए हैं, क्योंकि हिंसा रोकने की जिम्मेदारी उसी की होती है, जो सत्ता में होता है। यह पहले दिन से स्पष्ट था कि ममता सरकार की चुनावी हिंसा रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं। इसीलिए वह कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी, जिसमें उसने कहा था कि पंचायत चुनावों में केंद्रीय बलों को तैनात किया जाए। ध्यान रहे कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होते ही हिंसा और हत्या का दौर शुरू हो गया था। मतदान तिथि के पहले ही बंगाल में एक दर्जन से अधिक लोग मारे जा चुके थे। कायदे से तभी बंगाल सरकार को चेत जाना चाहिए था, लेकिन न वह चेती और न ही राज्य चुनाव आयोग। वह चुनावी हिंसा और अराजकता को रोकने में नाकारा साबित हुआ। बंगाल में मतपत्रों के जरिये पंचायत चुनाव पांच साल पहले भी हुए थे और तब भी बड़े पैमाने पर उनकी लूट हुई थी और उपद्रवी मतपेटियां लेकर भाग गए थे। इस सबके बाद भी कई राजनीतिक दल समय-समय पर ईवीएम के बजाय मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने की मांग करते रहते हैं। यह मांग तब और तेज हो जाती है, जब वे किसी चुनाव में पराजित हो जाते हैं। हिमाचल और कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद ऐसी कोई मांग नहीं सुनाई दी, क्योंकि इन राज्यों के नतीजे ईवीएम का विरोध करने वाले दलों के अनुकूल रहे। इसे भूला नहीं जा सकता कि मतपत्रों के जरिये होने वाले चुनावों में अराजकता और नतीजों में देरी के बाद भी किस तरह विभिन्न दलों का मतपत्र प्रेम रह-रहकर जागता रहता है। पिछले साल अगस्त में कांग्रेस समेत 11 विपक्षी दलों ने एक बैठक कर ईवीएम के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया था। इन दलों ने ईवीएम को भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे गंभीर खतरा बताया था। आपको शायद वह प्रसंग भी याद होगा, जब दिल्ली विधानसभा में खुद को इंजीनियर बताने वाले एक विधायक ने एक नकली ईवीएम के कलपुर्जे निकालकर यह सिद्ध करने की हास्यास्पद कोशिश की थी कि उसमें छेड़छाड़ की जा सकती है। विधानसभा के भीतर यह हरकत इसीलिए की गई थी ताकि चुनाव आयोग की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। यह भी याद करते चलिए कि जब चुनाव आयोग ने ईवीएम में छेड़छाड़ कर सकने की चुनौती दी थी तो किस तरह किसी भी दल ने उसे स्वीकार करने का साहस नहीं दिखाया था। हालांकि चुनाव आयोग ने ईवीएम में छेडछाड़ की हरसंभव आशंका को खत्म करने के प्रयत्न किए हैं और वे कसौटी पर खरे भी साबित हुए हैं, लेकिन ऐसे दलों की कमी नहीं, जो जब-तब मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने का राग अलापते रहते हैं।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



मौसम ने करवट बदली कि मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है। एक बार फ राजधानी में वर्षा शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शहरवासी परेशान हैं। गली-मोहल्लों से लेकर घरों में भी लोगों का रहना दूभर हो गया है। इधर, रांची नगर निगम लोगों की इस समस्या से बेपरवाह बना हुआ है। निगम की ओर से दावा किया जाता रहा है कि शहर के गली-मोहल्लों में फागिंग कराई जा रही है लेकिन ऐसा होता कहीं नजर नहीं आता। यह हाल किसी एक-दो वार्ड का नहीं है बल्कि राजधानी के सभी 53 वार्ड का है। अगर फागिंग कराई भी जाती है तो सिर्फ वीआइपी इलाके में। पूरे वार्ड में नहीं। मच्छरों से लोगों को निजात दिलाने के लिए यदि नगर निगम के पास पर्याप्त संसाधन हीं है तो संसाधन बढ़ाए जाने चाहिए। नगर निगम की ओर से दावा किया जाता है कि रोस्टर के हिसाब से पूरे शहर में फागिंग की जा रही है। झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों जैसे की विद्यानगर, गंगा नगर, मधुकम, जगन्नाथपुर आदि में शायद ही किसी ने फागिंग मशीन देखी हो। मच्छरों के कारण इन इलाकों में बीमारी फैलने का भी डर है। दूसरी ओर मच्छरों के बढ़ने का कारण गंदगी भी है। शहर में खुलेआम कचरे बिखरे रहते हैं। सड़क किनारे, खाली जगहों पर, गली मोहल्लों में खुले में कचरा होने के कारण भी मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों को भी जागरूक होना चाहिए कि उनके इलाके में गंदगी और कचरे का ढेर नहीं लगा रहे। शहरवासी बरसाती बीमारियों से वैसे भी जूझ रहे हैं। ऐसे में मच्छरों की बढ़ती संख्या बीमारी का वाहक भी बन रही हैं। समय रहते लोगों को इससे निजात दिलाए जाने के लिए उपाय किए जाने चाहिए।

**तबरेज मास्टर, मदनपुर, कोकडोरो।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार, कार में होती थी तस्करी



**ROURKELA :** जिला आबकारी विभाग की मोबाइल यूनिट टीम ने बुधवार की सुबह माल गोडाउन अंचल में स्कूटी पर देसी शराब बेचते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 350 लीटर देसी शराब के साथ एक कार भी जब्त किया गया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्कूटी के साथ ही कार से भी शराब की तस्करी किया करता था।

### जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**JAMSHEDPUR :** झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 के आलोक में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अंतर्गत आने वाले खालसा क्लब, गुजराती सनातन समाज बैंक्वेट हॉल और मिलानी बैंक्वेट हॉल का औचक निरीक्षण विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने किया गया। अनुज्ञप्ति नहीं कराने वाले एवं नियम का उल्लंघन कर अवैध रूप से संचालित बैंक्वेट हॉलों पर 25000/- जुर्माना देने का आदेश दिया गया । इस निरीक्षण के दौरान नगर मिशन प्रबंधक विद्या कुमारी एवं टैक्स कलेक्टर मनोज कुमार लाल दास आदि मौजूद रहे ।

### उत्पाद विभाग की ओर से की गई छापेमारी, अवैध शराब बरामद

**JAMSHEDPUR :** सहायक आयुक्त उत्पाद पूर्वी सिंहभूम के निदेर्शानुसार बहरागोड़ा थाना अंतर्गत कोइमा एवं धतिका में अवैध शराब बिक्री स्थलों में छापामारी कर विभिन्न ब्रांड के अवैध विदेशी शराब एवं बियर बरामद कर जब्त किया गया। अवैध शराब बिक्रेताओं के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।छापेमारी के दौरान 8.76 लीटर विदेशी शराब एवं 7.8 लीटर बियर बरामद किये गये।

### तंबाकू नियंत्रण को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन जुझार माझी की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार कक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान पर आधारित कार्यशाला आयोजन किया गया। इसमें जमशेदपुर के प्रमुख प्राइवेट स्कूल के प्रतिभागियों ने भाग लिए। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान की अलग-अलग गाइडलाइन के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई। प्रशिक्षक रिंपल झा ने विभिन्न प्रकार के गाइडलाइन तथा संबंधित कानून की धाराओं से अवगत कराया। संस्थान को तंबाकू जनित पदार्थों से दूर रखने का आग्रह किया। इसके बारे में छात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी देने की अपील की। दूसरे प्रशिक्षक डॉ मोहम्मद असद ने तंबाकू के समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया।.इससे संबंधित जानकारी साझा किया गया। मौसमी चटर्जी ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर चर्चा की। कुंदन कुमार ने बच्चों को तंबाकू से दूर रखने के टिप्स प्रदान किए।

### डीडीसी ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा, दिया लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम के उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान योजनाओं की प्रगति के लिए उप विकास आयुक्त ने लोग जोड़ो, गड्ढा कोड़ों महाअभियान के बारे में बताया। योजना के तहत प्राप्त 3 लाख लक्ष्य में लंबित 2 लाख लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। 13 से 15 जुलाई तक सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं कर्मचारियों को जोड़ते हुए महाअभियान को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

# JMM नेताओं ने जैंतगढ़ को अलग प्रखंड बनाने की मांग को लेकर बनाई रणनीति

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जैंतगढ़ स्थित पंचायत भवन में जिला अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव के अध्यक्षता में झामुमो प० सिंहभूम जिला समिति का विशेष बैठक हुई। बैठक में विधायक दीपक बिरुवा समेत जिला में निवास करने वाले केन्द्रीय सदस्य गण, जिला समिति के पदाधिकारी सदस्य गण, विभिन्न वर्ग संगठनों के जिला अध्यक्ष व सचिव तथा नोवामुंडी और जगन्नाथपुर प्रखंड समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



। • फोटोन न्यूज

बैठक में मुख्यतः विगत दिनों सम्पन्न जगन्नाथपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम की समीक्षा करने के अलावा जिला में चल रहे सदस्यता अभियान तथा प्रखंड व पंचायत स्तर पर पार्टी के सांगठनिक स्थिति की समीक्षा के साथ ही पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख जनमुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए जनमुद्दों को लेकर भावी कार्यक्रमों का रुपरेखा भी तय किया गया। जिसमें मुख्यतः जगन्नाथपुर प्रखंड के समीपस्थ 8 पंचायतों को मिलाकर जैंतगढ को एक अलग प्रखंड बनाने पर चर्चा साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से अलग प्रखंड बनाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया और निर्णय लिया गया कि इस मांग को लेकर झारखण्ड विधानसभा के मौनसून सत्र के पूर्व जगन्नाथपुर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा।

वहीं झारखंड सरकार द्वारा निजी संस्थानों में स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को 75% आरक्षण के साथ भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत पड़ने वाले निजी प्रतिष्ठानों एवम संस्थानों जैसे सेल,टाटा स्टील एवम अन्य संस्थानों में संपूर्ण भागीदारी को लेकर आंदोलनात्मक रणनीति पर चर्चा और विचार उपरांत इस मांग को लेकर आन्दोलनात्मक कार्यक्रम चलाने के लिए रणनीति तय किया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव ने कहा कि संगठन सर्वोपरी है और कार्यकर्ता संगठन के रीड होते है।केंद्रीय समिति के द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर जो टास्क दिया गया है उसे आप सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ निभाने का काम करे और संगठन को गति देने का काम करें।

## स्थानीय को रोजगार सुनिश्चित हो, वरना होगा आंदोलन : दीपक

वहीं चाईबासा सदर विधायक दीपक बिरुआ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव मे प्रचार प्रसार करे और लोगों को जागरूक करने कम काम करे साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय वेरोजगार युवक- युवतियों को निजी संस्थानों, कंपनियों जैसे टाटा स्टील,सेल मे 75% रोजगार सुनिश्चित हो अन्यथा जिला अंतर्गत वाले निजी उपक्रमों/संस्थानों के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम को जिला सचिव सोनाराम देवगम,जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने भी सम्बोधित किया।बैठक मे जिला उपाध्यक्ष इकबाल अहमद,जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य,दीपक प्रधान, दिनेश चन्द्र महतो, सुभाष बनर्जी, निसार अहमद, प्रेम गुप्ता, इजहार राही, मन्ना राम कुदादा, डोमा मिंज, प्रेम मुंडरी, सोमबारी बहंदा, पार्वती किड़ो, अभिषेक सिंकू, सोहेल अहमद, सारिक रजा, अजय अलोक टोपनो, रिमू बहादुर,प्रखंड अध्यक्ष संदेश सरदार, चूमन लगूरी,मनोज लगुरी, दुर्गा चरण देवगम, बृनदावन गोप, महेंद्र तिरिया सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ROURKELA : कृषि विभाग ने मड़ुआ बाजरा और ज्वार का किया बीज वितरण

**PHOTON NEWS ROURKELA :** बामड़ा ब्लाक मिलेट मिशन की और से केछुपानी ऑडिटोरियम में उचकापाट पंचायत के किसानों को मडूआ बीज वितरण बुधवार को किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में उचकापाट सरपंच सुबंती केछू, समिति मेंबर सौदामिनी नायक, किसान नेता योगबिहारी परीदा, कृषि ओवरसियर चितरंजन ओझा ने उपस्थित होकर किसानों को बीज बांटा। किसानों द्वारा मडुआ खेती को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया।



किसानों को बीज वितरीत करते अधिकारी। • फोटोन न्यूज

राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार के चलते किसानों में मडुआ,बाजरा और ज्वार की खेती को लेकर जबरजस्त उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में कृषक विनोद बाघ,राजेंद्र खरसेल,दिलीप बाघ,सुनील पटेल बीज वितरण आयोजन में सहयोग किया ।प्रखंड कृषि अधिकारी देवानंद साहू ने बताया इस साल प्रखंड 150 हेक्टेयर में मंडुआ, 50 हेक्टेयर में बाजरा और 50 हेक्टेयर में ज्वार का खेती का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के द्वारा किसानों को पंचायत वारी बीज वितरण किया जा रहा है। बुधवार को कुटारीमाल, रबगा और अन्य पंचायतों में भी बीज वितरण किया गया।

# चाईबासा : रेलवे भूमि अधिग्रहण मामले में बनेगी जांच कमेटी, 27 को होगा सर्वे

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत चक्रधरपुर स्थित डीआरएम कार्यालय साउथ ईस्टर्न रेलवे के सभागार में सांसद गीता कोड़ा, डीआरएम अरुण जेथे राठौड़ व उपायुक्त अनन्य मित्तल की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में पदापहाड़ क्षेत्र अंतर्गत तीसरी लाइन निर्माण से संबंधित मुआवजा भुगतान को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सरबिल व पदापहाड़ ग्राम अंतर्गत भूमि अधिग्रहण फलस्वरूप मुआवजा भुगतान से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया।



बैठक में शामिल सांसद गीता कोड़ा व अन्य। • फोटोन न्यूज

बैठक में सांसद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए समेकित रूप से तीन पक्षीय बैठक आयोजन के लिए जिला प्रशासन तथा रेलवे प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों का यह दावा है कि रेलवे अंतर्गत हमारा जमीन गया है, जिसका हमें अब तक ना ही किसी प्रकार का मुआवजा या नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि यह मामला 2010-11 से चल रहा है, इसमें क्षेत्र के कई लोगों ने अपना जमीन जाने का दावा किया है। उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में यह निर्णय हुआ है कि मामले की जांच हेतु त्रिस्तरीय टीम का गठन कर आगामी 27 जुलाई को यह सर्वे कार्य किया जाएगा। इस टीम में जिला प्रशासन की ओर से अपर उपायुक्त एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि से पूर्व भी एक सर्वे कराया जाएगा तथा जांचोंपरांत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उक्त बैठक में जिला प्रशासन की ओर से अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा, सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी तथा रेलवे से सीनियर डीएम (कोआर्डिनेशन), सीनियर डीसीएम (कमर्शियल), प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चार डकैत गिरफ्तार, तीन पिस्तौल जब्त, एक फरार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** विरमित्रपुर पुलिस ने 19 जून 2023 की रात लासे गांव के पास कुमझरिया में सेवानिवृत्त एसबीआई अधिकारी सुशांत कुमार दास के आवास में डकैती करने वाले 4 डकैतों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने डकैती में प्रयुक्त 2 देशी पिस्तौल, एक लाइटर पिस्तौल, हस्तनिर्मित चाकू, नकदी, एक बाइक, एक ऑटो रिक्शा जब्त किया।



मीडिया को जानकारी देती पुलिस। • फोटोन न्यूज

एक डकैत फरार हो गया है। पुलिस फरार डकैत की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार डकैतों में पिंटू साहू, मो तनबीर आलम, रोहित तिर्की, बिकास लकड़ा शामिल हैं।

# झारखंड जनरल कामगार यूनियन अध्यक्ष सह जिप सदस्य के नेतृत्व में 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अपने 9 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड जनरल कामगार यूनियन अध्यक्ष सह जिप सदस्य मान सिंह तिरिया के नेतृत्व में बुधवार से कार्यकर्ताओं ने टाटा स्टील आयरन ओर माइंस नोवामुंडी के डीबीसी चौक के निकट 48 घंटे का भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। मानसिंह तिरिया ने कहा कि टाटा स्टील कंपनी के स्थापित हुए वर्षो बीत गए।



भूख हड़ताल पर बैठे यूनियन के सदस्य। • फोटोन न्यूज

नोवामुंडी में वर्षो से लौह अयस्क खनन कार्य कर रही है। लेकिन आसपास के गांवों का आज वर्षों बाद भी पूर्ण विकास नहीं किया गया है। इसी तरह जगन्नाथपुर प्रखंड के रामतीर्थ स्थित नदी बैतरणी नदी से लौह अयस्क धोने के लिए पानी ले जाकर अपना बिजनेस चलाते रहे। लेकिन जगन्नाथपुर प्रखंड में किसी तरह का विकास कार्य नहीं किया गया। अब क्योंझर इंजीनियरिंग कॉलेज से सीधे टाटा कंपनी में प्लेसमेंट किया जा रहा है। जिसका हम सब कड़ा विरोध करते हैं। हमारी मांग मुख्य रूप से टाटा स्टील कंपनी जगन्नाथपुर प्रखंड के हर खेत में पानी पहुंचाएं।

दूसरा स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दे और नौकरी में बाहरी लोगों की नियुक्ति को रद्द कर स्थानीय युवाओं को प्रथमिकता दें। उड़ीसा के 25 लोगों से राशि लेकर उन्हें नौकरी दी गई उनकी नियुक्ति को रद्द किया जाए। इन मांगों को लेकर बुधवार से डीवीसी नोवामुंडी के समक्ष 48 घंटा का भूख हड़ताल शुरू कर दिया गया है। भूख हड़ताल कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य रूप से मानसिंह तिरिया, नरसिंह पूर्ति, जोसेफ मुंडा, जमादार गोप, रमेश तिरिया, घासीराम बिरुवा, सोनाराम तिरिया, माना राम लागुरी, लखन हेस्सा एवं श्रीकांत मुंदुइया आदि शामिल थे।

# स्नातक सेमेस्टर-1 में नामांकन को लेकर आवेदन करने की तिथि समाप्त, 11 जुलाई तक 19448 आवेदन प्राप्त

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान विवि के विभिन्न कॉलेजों में स्नातक सेमेस्टर-1 में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलइन आवेदन किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 12 जुलाई को अंतिम दिन था। अंतिम दिन 12 बजे रात तक विद्यार्थियों ने अपना आवेदन भर सकेंगे। हालांकि एक दिन पूर्व यानि 11 जुलाई तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों के कुल 19448 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसके अलावा 2842 ऐसे आवेदन प्राप्त जिनका फीस जमा नहीं है। कॉलेज के पदाधिकारियों की माने तो स्नातक सेमेस्टर-1 में नामांकन को लेकर आवेदन फार्म भरने की तिथि 12 जुलाई तक निर्धारित था।

चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त हो चुका है। जिसके आधार पर विभिन्न कॉलेजों में नामांकन लिया जाएगा। हालांकि चांसलर पोर्टल में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा नहीं जुड़े होने के कारण कई विद्यार्थी वंचित रह गए है। इसे लेकर दो दिन पूर्व ही विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी हो, कुड़माली और कुड़ुख भाषा विषय को चांसलर पोर्टल में जोड़ने एवं नामांकन की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कोल्हान विवि पहुंचे हुए थे। इसके लिए विद्यार्थियों ने कुलसचिव को मांग पत्र भी सौंपा था। इस संबंध में केयू के प्रवक्ता डा. पीके पाणी ने बताया कि तिथि की बढ़ोत्तरी को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। तिथि की बढ़ोत्तरी के लिए कमेटी निर्णय लेगी।

## किस कॉलेज में कितने आवेदन प्राप्त

| | | | |
|---|---|---|---|
| एबीएम कॉलेज गोलमुरी | -726 | करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर | -833 |
| एजेके कॉलेज चाकुलिया | -19 | एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर | -1871 |
| बीएीएसएल महिला कॉलेज घाटशिला | -114 | महिला कॉलेज चाईबासा | -1214 |
| बहरागोड़ा कॉलेज बहरागोड़ा | -797 | महिला महाविद्यालय सरायकेला | -100 |
| डग्री कॉलेज जगन्नाथपुर | -327 | एमबीएनएस इंस्टीच्यूट खरसावां | -1 |
| डिग्री कॉलेज खरसावां | -12 | मॉडल महाविद्यालय खरसावां | -156 |
| डिग्री कॉलेज मझगांव | -246 | मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज | -11 |
| जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज चाईबासा | -387 | नोवामुंडी कॉलेज नोवामुंडी | -160 |
| डिग्री कॉलेज मनोहरपुर | -227 | पटमदा डिग्री कॉलेज जल्ला | -351 |
| घाटशिला कॉलेज घाटशिला | -2095 | रंभा कॉलेज गितिलता | -5 |
| जीआईआईटी प्रोफेशनल कॉलेज | -9 | एसबी कॉलेज चांडिल | -1309 |
| जेकेएम कॉलेज मैनेजमेंट | -169 | एसआरकेएम डिग्री कॉलेज | -47 |
| जेकेएस कॉलेज मानगो | -215 | संत अगस्तीन कॉलेज मनोहरपुर | -247 |
| जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर | -1260 | टाटा कॉलेज चाईबासा | -2274 |
| जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज | -1057 | ग्रेज्युएट कॉलेज जमशेदपुर | -1350 |
| जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज | -693 | वीएएस कॉलेज सोनुवा | -54 |
| केएस कूलेज सरायकेला | -1091 | एक्सआईटीई | -21 |

विधायक ने तांतनगर के खेड़ियासिंदरी गांव में किया PCC सड़क का शिलान्यास

# मुख्यालय तक जुड़ेगी हर गांव की सड़क : विधायक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** बरसात के दिनों में ग्रामीणों को सड़क की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। यह बातें तांतनगर के खेड़ियासिंदरी गांव के गितिलादेर टोला बूढ़ाबासा में पीसीसी सड़क का शिलान्यास करते हुए मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति ने कही।

उन्होंने कहा कि विधानसभा भ्रमण के दौरान स्थानीय जनता और झामुमो कार्यकताओं ने मझगांव विधानसभा क्षेत्र के जरूरी सड़कों का निर्माण करने की मांग की थी। ताकि बरसात के दिनों में आम जनता को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।



शिलान्यास के अवसर पर जुटे विधायक व ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

इसे देखते हुए विधानसभा के चारों प्रखंड में जरूरत के हिसाब से पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे लोगों को बरसात के समय में अपने गांव से निकलकर पंचायत और प्रखंड मुख्यालय आने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। हमारी सरकार का प्रयास है कि हर गांव को मुख्यालय से जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान संवेदकों को निर्देश दिया गया है कि सड़क पूरी तरह मजबूत और समय के साथ पूरा किया जाए।

विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में कर कार्य कर रही है। वर्तमान समय किसानों के लिए उन्नत किस्म का धान, खाद, बीज , दवा आदि लैंपस के माध्यम से दिया जा रहा है। क्षेत्र के किसान सरकारी लाभ लेने के लिए अपना निबंध जरूर करवाएं। इससे सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी कृषि उपकरण, खाद, बीज , दवा आदि आपको सब्सिडी के आधार पर मिलेगा। अगर कोई पदाधिकारी आपकी बातों को नहीं मानते हैं तो आपके क्षेत्र में मौजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को उससे अवगत करवाए। आपकी हर समस्या का समाधान झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता करने के लिए तैयार हैं।

मौके पर जिला परिषद सदस्य जवाहर बोयपाई, प्रमुख चांदमनी सिरका, उपप्रमुख मनमति पुरती, मुखिया तुराम बिरुली, हरिचरण गोप, सुखलाल सरदार, देवकुमार बांदा, गुलशन सावैयां, मुरलीधर पुरती, चुम्बरु कुंकल, कृष्णा कुंकल, बैसागु गोप, मधुसूदन कुंकल, संजीव कुंकल, प्रधान तुबिद, पैकिराई कुंकल, डोंका तुबिद, गुरुचरण गोप, रणवीर पूर्ति, सुखलाल कुंकल, शंभू गोप, विष्णु गोप, महेंद्र गोप, सोनाराम कुंकल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कुटुराचुआ नोडल हाई स्कूल में मना विश्व जनसंख्या दिवस



विश्व जनसंख्या दिवस मनाते स्कूली बच्चे। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** कुचींडा अनुमंडल कुटुराचुआ नोडल हाई स्कूल परिसर में वरिष्ठ शिख्यावित श्यामल कुमार महापात्रा के अध्यक्षता में वन महोत्सव और विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। अतिथियों और ग्रामीणों ने इन अवसर पर पौधा रोपण किया। अतिथियों ने पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने को पौधरोपण और जनसंख्या नियंत्रण करने से बचाने का आह्वानि कया। कवि रजनी पटेल ने स्व रचित कविता का पठन किया ।समाजसेवी सुभाष नायक और अन्य अतिथियों ने 150 पौधे रोपे। इस दौरान छात्र छात्राओं को पौधों का ध्यान रखने का भी शपथ दिलाई गई।

# देश को कुछ अनपढ़ राजनेता चला रहे हैं: काजोल

## -बयान पर ट्रोलिंग के बाद बचाव में आई एक्टेस



बालीवुड एक्ट्रेस काजोल ने कहा कि इस देश का दुर्भाग्य है कि इसे कुछ अनपढ़ राजनेता चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ये बताते हुए कोई गुरेज नहीं है कि इस देश को चलाने वाले नेताओं के अंदर कोई विजन नहीं है। इस बयान के बाद काजोल सोशल मीडिया पर ट्रोल होने लगीं। ट्रोलिंग बढ़ने पर एक्ट्रेस ने सफाई पेश की। काजोल ने कहा कि उनका इरादा किसी नेता को नीचा दिखाने का नहीं था। काजोल ने कहा कि कुछ नेता ऐसे भी हैं जो देश को आगे बढ़ाने के लिए रात-दिन लगे हुए हैं। काजोल इन दिनों अपनी वेब सीरीज द ट्रायल के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बात की। काजोल ने कहा- हमारे देश में बदलाव की रफ्तार काफी धीमी है। हम आज भी अपने ट्रेडिशन में खोकर रह गए हैं। मुझे ये कहते हुए खेद है लेकिन ये सच्चाई है कि हमारे ऊपर शासन करने वाले राजनेता अनपढ़ हैं। उनके पास कोई व्यू पॉइंट ही नहीं है। पढ़े-लिखे लोगों का नजरिया थोड़ा अलग होता है। वे लोगों से अलग सोच सकते हैं। जब इंसान पढ़ा-लिखा नहीं होगा तो उसकी सोच सीमित ही रह जाएगी। काजोल का ये स्टेटमेंट कुछ लोगों को रास नहीं आया। सोशल मीडिया पर कुछ ट्रोलर्स ने लिखा जो एक्ट्रेस खुद कॉलेज ड्रॉपआउट है, वो एजुकेशन की बात कर रही है। ट्रोलर्स ने कहा कि जिनका पति इतना बड़ा सेलिब्रिटी होने के बावजूद पान मसाला का एड कर रहा है, उनके मुख से ऐसी बातें शोभा नहीं देती। काजोल को लेकर सैकड़ों ट्वीट सोशल मीडिया पर देखने को मिले। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा कि तंबाकू और पान मसाला खाने से हर साल 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है, जबकि आपके पति इसका ऐड करते हैं। ट्रोलिंग इतनी ज्यादा बढ़ गई कि काजोल को सफाई में एक ट्वीट करनी पड़ी। काजोल ने ट्वीट में लिखा- मैं सिर्फ शिक्षा और उसके महत्व के बारे में बात कर रही थी। मेरा इरादा किसी को नीचा दिखाने का नहीं था। इस देश में कई महान नेता है, जो रात दिन हमारी बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा के साथ सुर्खियों में हैं। वे इसी सीरीज में लीडिंग एक्ट्रेस के तौर पर दिखाई देंगी। ये एक कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज है।

## बडजात्या के साथ प्रेम की शादी बनाएंगे सलमान



बालीवुड एक्टर सलमान खान की अगली फिल्म राजश्री प्रोडक्शन के सूरज बड़जात्या के साथ बनने जा रही है, जिसका नाम प्रेम की शादी है। इसकी शूटिंग अगस्त माह से शुरू हो जाएगी। अब खबर आ रही है कि सलमान खान ने एक बार फिर सूरज बड़जात्या के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सलमान अब फिल्म प्रेम की शादी के लिए सूरज के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। खबर है कि सलमान को जब साल 2020 में इस फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई गई थी, तब उनको यह बहुत पसन्द आई थी। वह लॉकडाउन के दौरान इसे लिख रहे थे, वहीं पिछले कुछ महीने में उन्होंने इसकी प्रक्रिया को तेज कर दिया था। कहा जा रहा है कि सलमान खान ऐसी कहानियाँ पसन्द हैं, यही वजह है कि उन्होंने प्रेम की शादी के लिए तुरन्त हामी भर दी है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान ने इंडस्ट्री में एक साथ कदम रखा था। बतौर लीड हीरो सलमान की पहली फिल्म मैंने प्यार किया, 1989 में रिलीज हुई थी। इस फिल?म से ही सूरज बड़जात्या ने बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही।

## फिल्म बवाल का ट्रेलर यूट्यूब पर रिलीज



### -प्राइम वीडियो ने ट्विटर पर शेयर किया ट्रेलर

फिल्म के ओटीटी रिलीज से पहले, बवाल का ट्रेलर यूट्यूब पर रिलीज हो गया। प्राइम वीडियो ने ट्विटर पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। ट्वीट में लिखा था, प्यार से बवाल तक का एक सफर! साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित बवाल, 21 जुलाई को प्रदर्शित होगी, ट्रेलर अभी रिलीज। बवाल का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और काफी चिंतन के बाद, यह फिल्म अब 21 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। बवाल का प्रीमियर पेरिस के प्रतिष्ठित सैले गुस्ताव-एफिल थिएटर में होगा। इसके साथ ही यह आयोजन स्थल पर प्रदर्शित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी।

फिल्म में वरुण धवन एक इतिहास शिक्षक की भूमिका निभाते हैं जो छात्रों को गलत इतिहास पढ़ाता है, जो बाद में बवाल का कारण बनता है। जान्हवी कपूर और वरुण पहली बार प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए एक साथ आए। इस फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के बीच दिखाई गई लव स्टोरी को वर्ल्ड वॉर 2 से कनेक्ट किया गया है। जो अपने आप में काफी दिलचस्प है। दिखाए गए ट्रेलर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के बीच रोमांटिक स्टोरी आगे जाकर एक बवाल का रूप लेती है। यही इस फिल्म की कहानी है। फिल्म का कॉन्सेप्ट काफी दिलचस्प और अलग है। जो दर्शकों को उत्साहित करने के लिए काफी है।

गौरतलब है कि फिल्म बवाल के निर्देशक नीतेश तिवारी हैं। जो इससे पहले आमिर खान के साथ दंगल और सुशांत सिंह राजपूत स्टारर छिछोरे जैसी नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म दे चुके हैं। अब उनकी ये फिल्म भी काफी दिलचस्प और अलग सी कहानी लेकर आ रही है। जिसे देखने के लिए फैंस भी एक्साइटेड हैं। साथ ही फिल्म में पहली बार वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी बन रही है। ऐसे में दर्शकों के लिए ये एकदम फ्रेश जोड़ी होने वाली है। यह फिल्म 21 जुलाई के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## राजकुमार हिरानी की डंकी बिकी 155 करोड़ में, अबतक की ऐतिहासिक डील

राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म डंकी ने कमाई के मामले में अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। हालांकि अभी फिल्म रिलीज तो नहीं हुई लेकिन जियो सिनेमा ने 155 करोड़ में ओटीटी अधिकार खरीदे हैं। बता दें कि निस्संदेह राजकुमार हिरानी भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े निर्देशक हैं, जिन्होंने सामाजिक कॉमेडी क्षेत्र में क्लासिक्स के साथ दर्शकों का बार-बार दिल जीता है। उनकी अगली फिल्म डंकी है जिसमें शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं और यह 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है। जानकारी के अनुसार राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान ने जियो सिनेमा के साथ सबसे बड़ी पोस्ट-थिएट्रिकल डिजिटल डील की है। एक सूत्र के मुताबिक, डंकी के डिजिटल अधिकार जियो सिनेमा को 155 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में किसी एक भाषा में रिलीज हुई फिल्म के लिए सबसे बड़ी डील है। इसमें राजकुमार हिरानी के ब्रांड और शाहरुख खान के ब्रांड के एक साथ आने से काफी कुछ जुड़ा है। जानकारों का मानना है कि भारत के दो सबसे बड़े वैश्विक आइकन एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं जिससे वैश्विक प्रभाव पैदा करने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक की सबसे बड़ी पोस्ट-थियेट्रिकल डील हुई है।

हालांकि डंकी के साथ जियो सिनेमा प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर ले जाने का विचार है और टीम नेटफ्लिक्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए ऐप को दुनिया भर में उपलब्ध कराने के लिए एक इंटरफेस पर भी काम कर रही है। 155 करोड़ रुपये डंकी को मिली रकम जवान को नेटफ्लिक्स के हिंदी वर्जन के लिए मिली रकम से भी ज्यादा है। डंकी राजकुमार हिरानी फिल्म्स के साथ रेड चिलीज एंटरटेनमेंट का सहनिर्माण है। फिल्म में तापसी पन्नू और विक्की कौशल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।




## नई फिल्म एसके 21 की शूटिंग कर रही साई पल्लवी



बालीवुड एक्ट्रेस साई पल्लवी अपनी नई फिल्म एसके 21 की शूटिंग कर रही हैं। एक्ट्रेस इसी बीच समय निकालकर कश्मीर की वादियों में इंजॉय करती दिखीं। एक्ट्रेस ने कुछ प्यारी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में साई पल्लवी कश्मीर में फूलों के बीच तो कभी नदी किनारे बैठी सुकून के पल इंजॉय करती नजर आ रही हैं। साई पल्लवी की इन तस्वीरों पर फैन्स के भी खूब कमेंट आ रहे हैं। एक फैन ने लिखा, वाह, इन्होंने ये तस्वीरें मेरे बर्थडे पर शेयर की हैं। एक अन्य फैन का कमेंट था, आपको ऐसी खूबसूरत जगहें कैसे मिल जाती हैं। जहां जाता हूं घोड़े नहीं सिर्फ गायें दिखती हैं। मालूम हो कि साई पल्लवी की तस्वीरों में बैकग्राउड में कुछ घोड़े भी नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि एसके 21 को कमल हासन प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में साई पल्लवी के ऑपोजिट शिव कार्तिकेयन हैं, जोकि आर्मी अफसर बने हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग इस साल खत्म हो जाएगी, और यह 2024 में रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है। वहीं शिव कार्तिकेयन अभी अपनी फिल्म मॉवेरन की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जोकि 14 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी।

## इंटरनेट पर खूब वायरल काइली की लेटेस्ट फोटो

हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर ने अपने लेटेस्ट लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल मचा रही हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में काइली जेनर येलो क्रॉप टॉप में बेहद स्टनिंग लग रही हैं। कैजुअल मेकअप, न्यूड लिपस्टिक और खुले बालों में एक्ट्रेस का लुक देखने ही बन रहा है। अपने होठों पर हाथ रख काइली कैमरे के सामने कातिलाना पोज दे रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें काइली सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 397 मिलियन फॉलोवर्स हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। वह सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर तहलका मचाती रहती हैं।



## पुराना वीडियो देख प्रियंका को कर रहे ट्रोल



इंटरनेशनल एक्ट्रेस एक्ट्रेस प्रियंका का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद यूजर्स उन्हें सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा का यह वीडियो साल 2016 के एमी अवॉर्ड्स का है, जिसमें एक एंकर एक्ट्रेस से इंडियन सिनेमा के बारे में कुछ सवाल करती हैं और इंडियन फिल्मों के कुछ डांस मूव्स दिखाने के लिए कहती हैं। इस पर प्रियंका कहती हैं- इंडियन फिल्मों में हिप्स और बूब्स पर फोकस होता है। इसके बाद एक्ट्रेस डांस मूव्स करके दिखाती हैं। ये वीडियो देखने के बाद यूजर्स प्रियंका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। एक ने लिखा, हां वही सिनेमा, जहां तुम भी यही सब करती थीं और लोगों के आगे पीछे घूमती थीं।

दूसरे ने लिखा, 2-4 हॉलीवुड फिल्में क्या कर लीं, भूल ही गई कि कौन हैं, कहां से आई हैं। अन्य एक ने कहा, इंडियन सिनेमा को इसे बैन कर देना चाहिए, फिर समझ आएगा। तो किसी ने लिखा, अच्छा है चल गई। प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में अमेजन प्राइम की वेब सीरीज सिटाडेल में देखा गया था। अब वह जल्द ही बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा में नजर आएंगी।बता दें कि बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक धाक जमाने वाली एक्ट्रेस प्रियंका अक्सर अपने बेबाक बयानों को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। कई दफा वह खुलकर अपनी बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में आ चुकी हैं।